

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3 , अंक 40, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कानपुर नगर, रविवार, 29 सितंबर 2024


**आज का मौसम** 26.8° अधिकतम तापमान | 24.2° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 00 सूर्यास्त 05 :57



देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत... 15

# हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला मारा गया

**तेल अवीव, एजेंसी**

- लेबनान के चरमपंथी संगठन ने भी की पुष्टि



इजराइली सेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने हिजबुल्ला के साथ महीनों से जारी संघर्ष में उसे अब तक सबसे बड़ा झटका देते हुए बेरूत में शुक्रवार को हमला कर चरमपंथी समूह के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया। इस बीच लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने भी अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक नसरल्ला के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की। नसरल्ला हिजबुल्ला के साथ लड़ाई में मारा गया चरमपंथी समूह का अभी तक का सबसे ताकतवर नेता था।

इजराइली सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था, तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी।

इससे पहले इजराइली सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 91 घायल हो गए। नसरल्ला तीन दशक से अधिक समय से हिजबुल्ला का नेतृत्व कर रहा था।

# दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत : मोदी

## जम्मू में बोले प्रधानमंत्री -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कहा-कश्मीरियों को भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त सरकार की आस

**जम्मू, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

### कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

### कांग्रेस-नेकां, पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस , नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया । कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

## एक नजर

### स्टालिन ने बेटे उदयनिधि को बनाया उपमुख्यमंत्री



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया है। शपथग्रहण समारोह रविवार को होगा। हालांकि स्टालिन ने कुछ दिन पहले ही संकेत दे दिया था। 18 सितंबर को उदयनिधि ने भी कहा था कि मुख्यमंत्री उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने पर फैसला लेंगे।

### एनआईए का छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापा

**कांकेर।** एनआईए ने वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली, गुमझीर, बड़े तेवरा और ऊपर कामता में आठ से अधिक जगहों पर शनिवार को छापेमारी की है। गत 25 फ़रवरी 2023 को अज्ञात सशस्त्र माओवादियों ने उसेली के वार्षिक मेला में जवान की गोली मार कर हत्या की थी।

### दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति के लिए धूल रोधी अभियान

**नई दिल्ली।** सर्दियों के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण को रोकने के लिए, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को शहर की 'शीतकालीन कार्य योजना' के हिस्से के रूप में एक व्यापक 14-सूत्री निर्माण दिशानिर्देश जारी किए।

# निर्मला सीतारमण पर एफआईआर

## कोर्ट के निर्देश पर प्राथमिकी, इलेक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

## दावा : वित्तमंत्री व अन्य आरोपियों ने आठ हजार करोड़ से अधिक का उठाया फायदा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

वित्तमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (एस) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, 'निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बॉण्ड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है, जिससे वह इस्तीफा दें? क्या उन्होंने आपकी (सिद्धारमैया) तरह सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को फायदा पहुंचाया है?' विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है और उनके खिलाफ चुनावी बॉण्ड मुद्दे और सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुद्दा (चुनावी बॉण्ड) खत्म हो गया है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है और हमारे नेता (प्राथमिकी के संबंध में) कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी थी चुनावी बॉण्ड योजना

वर्ष 2018 में शुरू किया गया चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को अनाम दान की अनुमति देता है और आलोचकों का तर्क है कि इस प्रणाली में पूरी तरह से पारदर्शिता नहीं है, जिससे चुनाव अभियानों में अवैध धन का इधर से उधर होने की प्रबल आशंका जताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत फरवरी माह में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की सीतारमण के इस्तीफे की मांग

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भाजपा ने इस मामले पर क्यों चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि निष्पक्ष जांच करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्तीफा भी हो सकता है। उन्होंने भाजपा के सहयोगी एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने चुनावी बॉण्ड घोटाले के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा उनके इस्तीफे के लिए कब विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए तो प्रधानमंत्री को भी पद छोड़ना पड़ेगा। कुमारस्वामी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जमानत पर बाहर हैं।

# हटाए जाएंगे जिलों में तीन साल पूरा कर चुके अधिकारी

- उपचुनाव वाले जिलों के लिए चुनाव आयोग के निर्देश

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा उप चुनाव वाले जिलों से ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया है, जो वर्तमान तैनाती स्थल पर तीन साल पूरा कर चुके हैं। आयोग ने उप चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष कराने को यह निर्देश दिया है। उप चुनाव के लिए अगले माह चुनाव कार्यक्रम भी जारी होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों की सेवानिवृत्ति में छह माह या उससे कम समय बचा है, उन्हें भी दूसरी जगह स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। शासन के सूत्रों के अनुसार आयोग के इन निर्देशों की परिधि में कोई आईएएस अधिकारी नहीं आ रहे हैं, जबकि लगभग 40 एसडीएम दायरे में हैं। इन अधिकारियों को स्थानांतरित कर जानकारी आयोग को दी जाएगी। प्रदेश में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकर नगर की कटेहरी, मुरादाबाद की कुंदरकी, अलीगढ़ की खैर, गाजियाबाद, प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवा व मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट शामिल हैं।

# बारिश से नदियों में उफान कई जिलों में बाढ़ का खतरा

## बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 की मौत

**कार्यालय संवाददता,लखनऊ**

**अमृत विचारः** शुक्रवार व शनिवार हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। औसत से अधिक बारिश होने से प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ गया है,कई जिलों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। सिद्धार्थ नगर, बदायूं, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, गोंडा और कुशीनगर सहित जिलों में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं,अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 लोगों की मौत की सूचना है।

प्रदेश में भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने व मकान ढहने से कई लोग हताहत हुए हैं। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बारिश से संबंधित घटनाओं में शनिवार को फतेहपुर में 3 लोग, अंबेडकरनगर,सुल्तानपुर में व गाजीपुर में दो-दो, जबकि अमेठी, चित्रकूट व अयोध्या में एक-एक की मौत की सूचना है। भारत मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गत 24 घंटे के दौरान 27.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य के 75 जिलों में से 55 में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर ऐसे जिले हैं, जहां 24 घंटे की अवधि में 150 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। बस्ती, वाराणसी, झांसी व आसपास के इलाकों में भी गरज चमक के साथ भारी बरसात हुई। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। तापमान में गिरावट से लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। रविवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। पिछले दो दिनों में हुई अत्यधिक बारिश और खेतों में जल भराव से धान, अरहर, मूंगफली व हरी सब्जियां उगाने वाले किसानों के माथे पर अब चिंता की रेखाएं हैं।

### प्रभावित लोगों को दी जाए आर्थिक सहायताः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के दौरान अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को हर सम्भव सहायता मुहैया कराएं। जनहानि पर आर्थिक सहायक दी जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में तेज बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

# दिल्ली में 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- घर से मिले सल्फास के 3 पैकेट



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र के रंगपुरी गांव में 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। उनके शव किराए के उनके घर से बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि चार में दो बेटियां दिव्यांग थीं और शवों की हालत से ऐसा लगता है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मृतकों की पहचान पिछले 28 साल से वसंत कुंज में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में बढ़ई के तौर पर काम करने वाले हीरालाल शर्मा और उसकी चार बेटियों नीतू (26), निक्की (24), नीरू (23) और निधि (20) के रूप में की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शव शुक्रवार दोपहर को मिले और उन पर चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन घर में सल्फास जहर के तीन पैकेट, पांच गिलास और एक संदिग्ध तरल पदार्थ के साथ एक चम्मच मिली है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि किसी भी तरह की साजिश का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दो छोटी बेटियां दिव्यांग थीं जबकि पड़ोसियों ने बताया कि चारों दिव्यांग थीं।

# कुलगाम में हुई मुठभेड़ मार गिराए दो आतंकी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था। पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली घायल हो गए हैं। आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में सेना के चार जवान भी घायल हुए हैं। कुलगाम मुठभेड़ पर कश्मीर के आईजीपी वीके बिरदी ने कहा कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों को आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो उन पर गोलीबारी की गई। पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी मारे गए हैं तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# भुखमरी के कगार पर हैं, पेंशन बहाल करा दें साहब

**डीपी शुक्ल, लखनऊ**

- वर्ष 1991 में पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** 'भुखमरी की कगार पर हैं साहब, हमारी पेंशन बहाल हो जाती तो हमें व हमारे परिवार को बहुत राहत मिल जाती' यह गुहार 33 साल पहले पीलीभीत में 10 सिख आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से लगाई है। डीजीपी ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

बता दें कि 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत के जंगलों में एक साथ तीन जगह हुई मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बलजीत सिंह उर्फ पप्पू समेत 10 सिख आतंकवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ पर सवाल उठे और सियासी हंगामा मचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने जांच की। रिपोर्ट में आयोग ने मुठभेड़ को सही करार दिया तो मारे गए आतंकियों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई। 4 अप्रैल, 2016 को दिए फैसले में सीबीआई कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई। इस पर आरोपी पुलिसकर्मियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की। 15 दिसंबर 2022 को दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए मुठभेड़ को सही माना और पुलिसकर्मियों को आवश्यक से अधिक बल प्रयोग करना बताया। यही नहीं, आजीवन कारावास की सजा को निरस्त करते हुए 7 साल की सजा सुनाई। फैसला आने तक 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो चुकी थी। मामले में 57 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए 47 पर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 47 को बर्खास्त कर दिया गया था।

सजा काटने के बाद 13 बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने बदहाल आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त आईजी बद्री प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर पेंशन बहाली की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इस संबंध में डीजीपी मुख्यालय विधिक राय लेकर अपनी आख्या शासन को भेजेगा।



> मैं उस वक्त सिख आतंकवाद निरोधक अभियान का पुलिस अधीक्षक हुआ करता था। उक्त मुठभेड़ में बर्खास्त हुए व सात साल की सजा पूरी करने वाले 13 पुलिसकर्मियों के साथ मैं डीजीपी प्रशांत कुमार से 20 सितंबर को मिला और उनकी पेंशन बहाली के लिए निवेदन किया। डीजीपी ने न्याय का भरोसा दिया है।
> **-बद्री प्रसाद सिंह,** सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

**उपलब्धि** पंत विश्वविद्यालय की शोधार्थी को मिली कार्बन नैनो ट्यूब बनाने में सफलता, कृषि रोबोटिक्स को मिलेगा बढ़ावा

# देश में बनेगी लीथियम आयन बैटरी, मोबाइल-लैपटॉप होंगे सस्ते

**मृगांक मौली, पंतनगर**



**अमृत विचार :** वह दिन दूर नहीं, जब लीथियम आयन बैटरियों का मुख्य घटक कार्बन नैनो ट्यूब देश में ही बनने लगेगा। पंत विवि की शोधार्थी को इसमें सफलता मिली है, जिसे ताइवान की एनएसटी यूनिवर्सिटी ने चार माह के लिए फेलोशिप दी है।

इस तकनीक से मोबाइल और लैपटॉप की बैटरियां सस्ती होंगी और उनकी स्टोरेज क्षमता बढ़ने सहित खेती भी सरसब्ज होगी, क्योंकि इन बैटरियों का उपयोग अब कृषि संबंधी रोबोटिक्स में भी किया जाने लगा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सीबीएसएच कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. समीना महताब के मार्गदर्शन में मनीषा पांडे शोधरत हैं। वह लीथियम आयन बैटरियों को बनाने में प्रयुक्त होने वाले कार्बन नैनो ट्यूब को ग्रीन प्रक्रम विधि से विकसित कर रही हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफलता हासिल कर चुकी हैं। मनीषा को नेशनल सुन यटसेन यूनिवर्सिटी (एनएसटीसी) ताइवान में चार माह की फेलोशिप मिली है। इसके तहत वह वहां लीथियम आयन बैटरी और आर्गेनिक इश्यूज ऑफ कार्बन नैनो ट्यूब पर शोध करेंगी। मनीषा नेचुरल रिसोर्सेज से कार्ब नैनो ट्यूब बनाने के बाद पता लगाएंगी कि वह लीथियम आयन बैटरी पर किस तरह काम करती है और बैटरी की स्टोरेज क्षमता कितनी बढ़ सकती है। इससे उद्योगों को खर्चीले लेजर सिस्टम से निजात मिलेगी और उसकी जगह ग्रीन फ्रेंडली विधि से नैनो ट्यूब बनाकर देश में ही लीथियम आयन बैटरी बनाई जा सकेंगी।

**क्या है लीथियम आयन बैटरी :** वर्तमान में लैपटाप और मोबाइल में जो बैटरियां प्रयोग होती हैं, वह लीथियम आयन बैटरी होती हैं। इनमें कार्बन नैनो ट्यूब नामक नैनो मैटीरियल का प्रयोग होता है, जिसे अभी लेजर प्रक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में ग्रेफाइट पर हाई एनर्जी की लेजर को अप्लाई करते हैं, जिसके बाद उसे आयरन से कैटेलाइज करना पड़ता है। जब यह कैटेलाइज होती है, तब उससे कार्बन नैनो ट्यूब बनती है। इस विधि में कार्बन नैनो ट्यूब तो बनती है, परंतु उसमें ग्रेफाइट की शुद्धता क्षीण हो जाती है। ग्रेफाइट से कार्बन नैनो की उत्पादकता मात्र 28-30 प्रतिशत ही है। यदि ग्रीन प्रक्रम विकसित होता है, तो कार्बन नैनो ट्यूब आसानी से बन सकेंगी। लेजर सेटअप काफी महंगा है। ऐसे में सस्टेनेबल स्माल स्केल पर ग्रीन फ्रेंडली अल्टरनेट कार्बन नैनो ट्यूब बनाया जा सकता है।

> कार्बन नैनो ट्यूब को इंडिया में ग्रीन फ्रेंडली विधि से बनाने में सफलता मिली तो हमारी चीन व अन्य देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। जिससे विदेशी मुद्रा देश में आएगी। अभी लीथियम आयन हमें अन्य देशों से खरीदना पड़ता है, फिर अन्य देश हमसे खरीदेंगे। **- डॉ . एमजीएच जैदी,** प्राध्यापक रसायन विज्ञान विभाग।

# विमान यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

- दिल्ली से न्यूयार्क जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। वहीं, एयर इंडिया ने कहा है कि उसने आगे की जांच के लिए खानपान सेवा प्रदाता के समक्ष यह मामला उठाया है। यात्री ने कहा कि जब हमें यह पता चला तब तक मेरा दो साल का बच्चा आधे से ज्यादा ऑमलेट खा चुका था। इसके परिणामस्वरूप वह बीमार हो गया। यात्री ने एक छोटा वीडियो और तस्वीर भी साझा की। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री को टैग किया।

# लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

**बलिया, एजेंसी**

- बलिया में रेलवे ट्रैक पर मिला पत्थर चालक की सूझ-बूझ से टला हादसा



बलिया-छपरा रेलखंड पर बलिया-मांझी स्टेशन के बीच शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा मिला। लोको पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी घटना होने से बच गई।

लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने बकुला-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर देखा, जिसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बाद में पत्थर सेफ्टी गार्ड से टकराने के बाद ट्रैक से हट गया, जिसके बाद लोको पायलट ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। घटना की सूचना के बाद छपरा, बलिया, वाराणसी और गोरखपुर के सुरक्षा अधिकारी व इंजीनियरों की टीम कुछ घंटे में मौके पर पहुंच गई। सीओ आरपीएफ, आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह, छपरा प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. उस्मान, थाना प्रभारी बैरिया रामायण सिंह दलबल के साथ पहुंचे।

## एक नजर

### एसीएमओ की कार चोरी

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में घर के बाहर खड़ी एसीएमओ की कार चोरों ने पार कर दी। जूही कलां, विवेक विहार निवासी डॉ राम नाथ सिंह ने बताया कि वह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार दोपहर उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। चोरों ने लॉक तोड़कर कार पार कर दी। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### ट्रक ड्राइवर लाखों का माल लेकर फरार

**कानपुर।** अहमदाबाद से माल लेकर कानपुर आ रहे ट्रक चालक ने रेडीमेड कपड़ों की 27 गांठ गायब कर दीं। ट्रांसपोर्टर ने चालक पर बाबूपुरवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नेशनल ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के मैनेजर रामजी त्रिपाठी ने बताया कि 3 सितम्बर को अहमदाबाद से अंबेडकर नगर निवासी चालक पप्पू पाल कंपनी का ट्रक लेकर कानपुर के लिए निकला था। आरोप है कि रास्ते में चालक ने 27 नग कपड़ा गायब कर दिया।

### पैर फिसलने से प्लेटफार्म पर गिरे वृद्ध की मौत

**कल्याणपुर।** अशोक नगर निवासी 65 वर्षीय सुरेश कुमार शनिवार सुबह बिल्हौर जाने के लिए घर से निकले थे। कल्याणपुर स्टेशन पर वह फिसल कर प्लेटफार्म पर जा गिरे। सुरेश को हैलट ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

# पनकी में दबंगों ने दी मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी

## अतिक्रमण विवाद : गंदगी से रोकने पर ईंट- पत्थर लेकर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोगों के साफ-सफाई करने पर भड़के दबंग, 8 नामजद और 30 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में शिव मंदिर के आसपास कुछ लोग गंदगी फैलाकर अतिक्रमण किए हैं। आसपास के लोगों ने कई बार साफ-सफाई कराई। इसके बावजूद गंदगी फैलाने वाले दबंग बाज नहीं आए और सफाई करने के दौरान ईंट-पत्थर लेकर आ गए। गाली-गलौज करते हुए मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी देने लगे। इस घटना में 8 नामजद और 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पनकी डी ब्लॉक निवासी विशाल गुप्ता ने पनकी थाने में एफआईआर दर्ज कर बताया कि पनकी मंदिर से गंगागंज मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर है। इसके सामने आलम ट्रेडर्स नाम से एक दुकान है। इस दुकान का मालिक मंदिर के आसपास मिट्टी, गिट्टी, मौरंग, सरिया जमा करके अतिक्रमण किए है। इसके साथ ही वह मंदिर के आसपास गंदगी फैलाता है। इससे मोहल्ले के लोगों को मंदिर आने-जाने और पूजा करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। 26 सितंबर को मंदिर के आसपास नगर निगम की टीम के साथ लोगों ने मिलकर सफाई की। लेकिन उसी रात दोबारा मंदिर परिसर तक गंदगी फैला दी गई। 27 सितंबर को जब लोग फिर से सफाई करा रहे थे, आरोप है कि उसी दौरान दुकान मालिक साहब आलम के अलावा शाहरुख, समीर, सीबू वारिस, राजा, शकील, इदरीश, साहिल निवासी पनकी के साथ 25 से 30 लोग हाथ में ईंट-पत्थर लेकर आ गए और गालीगलौज करते हुए जान से मारने और मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी देने लगे। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर साहब आलम, शाहरूख, समीर सरगम बैंड, सीबू वारिस, राजा, शकील, इदरीश, साहिल व 25 से 30 अज्ञात के खिलाफ दंगा और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### तनाव जैसी कोई बात नहीं पुलिस कर रही है निगरानी

- पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह के अनुसार क्षेत्रीय लोगों का आरोप था कि मंदिर में कुछ लोग गंदगी के साथ अतिक्रमण किए हैं। इसका विरोध करने पर उन्होंने विवाद किया। आरोपियों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र में सब कुछ सामान्य है, कोई तनाव नहीं है। जो कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस निगरानी कर रही है।

# पुलिस से मुठभेड़, 2 गांजा तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आरोपी अंकित तुत्तल व काशी सोनकर।

- काजीखेड़ा में बमबाजी और फायरिंग के बाद जागी चकेरी पुलिस
- 149 देशी बम, तमंचा और कारतूस बरामद, एक साथी फरार

**अमृत विचार।** गांजा तस्करी विवाद में फायरिंग और बमबाजी की घटना के बाद हरकत में आई चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 149 देशी बम, तमंचा व कारतूस के साथ 2 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों ने भागने के दौरान पुलिस टीम पर बम से हमला किया। उनका एक साथी फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

18 सितंबर को काजीखेड़ा में गांजा तस्कर अंकित तुत्तल और काशी सोनकर ने काजीखेड़ा में अन्नी और बउवा से विवाद के बाद फायरिंग कर बम चलाए थे। इससे इलाके में दहशत फैल गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उस समय बमबाजी के बजाए पटाखा छुड़ाने की बात कही थी। हालांकि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि 27 सितंबर की देर रात पुलिस टीम ने एचएएल से टटियन झनाका मोड़ के पास दबिश दी तो संदिग्ध हालत में खड़े तीन युवक भागने लगे। इस दौरान उन्होंने पुलिस टीम पर बम फेंका था। लेकिन पुलिस कर्मियों ने दो आरोपियों को घेरकर दबोच लिया। एक आरोपी मौके से भाग निकला।



आरोपियों के पास से बरामद बम।

पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम कालीबाड़ी निवासी राजू सिंह और आदी सिंह तथा भागने वाले साथी का नाम अंकित सिंह बताया। आरोपियों ने बताया कि वे गांजा तस्कर अंकित तुत्तल के साथी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 149 देशी बम और एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। उनकी जड़ें तलाशी जा रही हैं।






### आज का मौसम

तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| $26.8^0$ | $24.2^0$ |
| सूर्योदय 06 : 00 | सूर्यास्त 05 : 57 |

### शहर में आज

- **बैठक :** बामसेफ, भारत मुक्ति मोर्चा के तत्वाधान में समीक्षा बैठक जिला कार्यालय 10 दुकान, निकट गांधी पार्क, किदवई नगर सुबह 10 :30 बजे से।
- **कवि सम्मेलन :** अग्रवाल सभा की ओर से 69वें महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व पर सम्मान एवं हास्य कवि सम्मेलन, लाजपत भवन मोतीझील में दोपहर 2 बजे से।
- **बैठक :** सुन्नी जमीअतुल उलेमा के चुनाव के संबंध में बैठक, मदरसा एहसान उल मदरिस में 2 बजे।
- **सेमिनार :** आईएमए की सेमिनार, सेमिनार हॉल, परेड में 4 .30 बजे।
- **गंगा आरती :** करौली शंकर महादेव द्वारा शंकर सेना के नेतृत्व में गंगा आरती, सरसैया घाट, शाम 7 :30 बजे।

# कार की बैट्री के उजाले में पोस्टमार्टम

## हैलट मार्चुरी के पास पेड़ गिरने से 3 पोल टूटे, ठप रही पोस्टमार्टम हाउस की बिजली

- लापरवाही की हद, सीएमओ से शिकायत पर भी नहीं सुनवाई भड़का लोगों का गुस्सा
- मोबाइल टार्च में हुई लिखापढ़ी, 5 घंटे तक ठप रहा शवों के पोस्टमार्टम का काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मार्चुरी के पास टूटे पड़े विद्युत पोल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश से शुक्रवार देर रात हैलट मार्चुरी के पास नीम का बड़ा पेड़ गिरने से 3 विद्युत पोल टूटकर गिर गए। इससे पोस्टमार्टम हाउस में अंधेरा छा गया। इससे पहले शुक्रवार दोपहर फाल्ट के कारण बिजली नहीं मिलने से इनवर्टर पहले ही ठप हो चुका था। ऐसे में शनिवार को जब शवों का पोस्टमार्टम नहीं शुरू हो पाया, तो म=तकों के परिजनों ने हंगामा किया। काफी देर तक कोई इंतजाम नहीं होने पर दोपहर में एक म=तक के रिश्तेदार ने अपनी कार की बैट्री से कनेक्शन जोड़कर रोशनी कराई तब उनके शव का पोस्टमार्टम हो पाया।

पोस्टमार्टम हाउस में बिजली नहीं होने से शवों का पोस्टमार्टम शनिवार को करीब 5 घंटे ठप रहा। इसे लेकर म=तकों के परिजनों में आक्रोश रहा। बारिश में फाल्ट से शुक्रवार दोपहर एक बजे पोस्टमार्टम हाउस की बिजली बंद हो गई थी। ऐसे में इनवर्टर के सहारे शवों का पोस्टमार्टम किया गया। लेकिन इनवर्टर ठप हो जाने से 4 शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। इसके बाद देर रात बारिश के कारण मार्चुरी के सामने 3 विद्युत पोलों पर नीम का पेड़ गिर गया। इससे हैलट अस्पताल, ब्लड बैंक, हैलट चौकी, पोस्टमार्टम हाउस और सर्वेंट क्वार्टर की बिजली आपूर्ति ठप और रास्ता बंद हो गया। शनिवार को पेड़ काटकर दोपहर 1 बजे रास्ता तो खोल दिया गया। लेकिन घटना की सूचना देने के बाद भी विद्युत कर्मचारी दोपहर तक नहीं आए। इस बीच पोस्टमार्टम हाउस में 14 और शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए कागज लेकर पुलिस कर्मी आ चुके थे, लेकिन घाटमपुर सीएची के डॉ जयप्रकाश व जिला कारागार के डॉ प्रभाकर त्रिपाठी असहाय अवस्था में बैठे थे। पोस्टमार्टम हाउस में अंधेरा छाया था। फार्मासिस्ट नवनीत कुमार और फोरेंसिक अंगुलछाप सिपाही संजय कुमार ने मोबाइल टार्च से शवों के कागजों की लिखापढ़ी की। इस बीच चौबेपुर हादसे में जान गंवाने वाले 3 लोगों के शवों का पोस्टमार्टम नहीं होने से उनके परिजन आक्रोशित हो उठे। बिजली जल्दी आने की कोई संभावना नहीं देखकर एक मृतक के रिश्तेदार अरौल निवासी सिंकू कटियार ने अपनी कार की बैट्री से तार लगाकर दोपहर 1 बजे रोशनी कराई। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम हो सका। बिजली ठप होने से पोस्टमार्टम रुकने की जानकारी पोस्टमार्टम प्रभारी नवनीत चौधरी ने सीएमओ आलोक रंजन को फोन पर दी थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने और लोगों का गुस्सा बढ़ते देख उन्होंने जेनरेटर मंगाया, तब करीब सवा बजे शवों का पोस्टमार्टम शुरू हो सका।

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि हैलट परिसर में पेड़ गिरने से बिजली ठप हुई। इसके रखरखाव की जिम्मेदारी हैलट प्रशासन की है। केस्को द्वारा सिर्फ बिजली आपूर्ति की जाती है।

## बेकाबू कार की टक्कर से फल विक्रेता की मौत

**कानपुर।** अर्मापुर थानाक्षेत्र में अर्मापुर फील्ड गन फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार कार ने शुक्रवार देर शाम 51 वर्षीय फल विक्रेता रामसेवक निवासी अंबेडकरनगर को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हैलट रेफर कर दिया गया। रास्ते में उनकी मौत हो गई। अर्मापुर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी 51 वर्षीय रामसेवक फल का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी आशा देवी और एक सूरज वर्मा है। भतीजे अशोक कुमार ने बताया, शुक्रवार शाम छह बजे की घटना है।


sankarkaritiknetralaya
www.sankarkaritiknetralaya.com
the future of Eye Care
शंकर कार्तिक नेत्रालय
धुंधले नज़ारे देखने के लिए मजबूर?
हम करेंगे मोतियाबिंद की समस्या दूर
तो बिना परेशान हुए आयें हमारे पास
सभी उच्चस्तरीय लेंसेस की सुविधा उपलब्ध
MONOFOCAL | TRIFOCAL | EDOF | TORIC LENSES
MICS ऑपरेशन के साथ अत्याधुनिक EDoF लेन्स लगवायें।
Our Services
• Comprehensive Eye Check up • Glaucoma • Retina
• Cataract Surgery (No stitch, no injection with latest foldable lens surgery)
• Cornea • Squint • Oculoplasty • Paediatric Opthalmology
• Opticals & Low Vision Aids • Pharmacy
सी जी एच एस (CGHS) एवं आयुष्मान भारत के पैनल पर भी

डॉ. मनीष सक्सैना
MS. FVRS. FAICO
विट्रो रेटिना एण्ड आई कैंसर स्पेशलिस्ट
डॉ. नेहा सक्सैना
MS. FPRS
फेको रिफ्रेक्टिव एण्ड ग्लूकोमा स्पेशलिस्ट
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें: 6390007621/22, 7703006602
14/73, पहली मंजिल, सिविल लाइन्स, वीआईपी रोड, कानपुर


# ट्रेनों पर पत्थरबाजी और कालिंदी घटना में 25 को उठाया, पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** दिल्ली, हावड़ा, मुंबई और फर्रुखाबाद रूटों की ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं के चलते शनिवार को जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त गश्त में 25 अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने आरपीएफ पनकी सतेंद्र यादव, आरपीएफ अनवरगंज ओमप्रकाश, आरपीएफ सेंट्रल बीपी सिंह और आरपीएफ क्राइम ब्रांच अजीत तिवारी के साथ गश्त करके सूचीबद्ध 25 अपराधियों को पकड़ा। इनसे पनकी, गोविंदपुरी, झींझक जीआरपी चौकी में पत्थरबाजी के साथ कालिंदी एक्सप्रेस और प्रेमपुर स्टेशन के पास खाली सिलेंडर रखने के मामले में भी पूछताछ की। जीआरपी इंस्पेक्टर ओमनारायण सिंह ने बताया कि सभी को बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

## 87 लोगों की रिपोर्ट तलब

प्रेमपुर स्टेशन की लूपलाइन पर खाली सिलेंडर रखने के मामले में जीआरपी ने अब तक 250 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। इसमें 87 लोग यूपी और बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। जीआरपी ने इन लोगों की रिपोर्ट बनाकर उनके मूल निवास वाले थानों से रिपोर्ट मांगी है। 22 सितंबर को सुबह प्रेमपुर स्टेशन के आउटर सिग्नल पर किसी ने खाली सिलेंडर रख दिया था। घटना के बाद जीआरपी, आरपीएफ ने संयुक्त जांच अभियान फतेहपुर तक चलाया। मजदूर और घुमंतू जाति के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में 87 लोग बाहरी जिलों के मिले। जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने बताया कि इन्हीं लोगों की रिपोर्ट उनके मूल निवास के थानों से मांगी गई है। इससे पता चलेगा कि इन लोगों का आपराधिक रिकार्ड तो नहीं है। जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि चाट, पकौड़ी की उन गुमटी का आंकड़ा एकत्र किया गया है, जहां छोटे सिलेंडरों का उपयोग होता है।


हृदय रोगों का इलाज
बिना ऑपरेशन आयुर्वेद द्वारा संभव
एन्जियोग्राफी या एन्जियोप्लास्टी की जरूरत नहीं
ब्लॉकेज ऑफ हार्ट, कॉलेस्ट्रॉल का बढ़ना
डायबिटीज, मोटापा व थायराइड का इलाज
स्ट्रेस टेस्ट (टीएमटी), पल्स, ब्लड शुगर, एसपीओटू, बीपी, ईसीजी
2500/- की जांचे मात्र 599/- में एवं
डॉक्टर की मुफ्त सलाह के लिए अपने पुराने पर्चे साथ लेकर आएं।
रायश्री आयुर्वेद MULTI-SPECIALITY SPINE CENTER
Madhavbaug
लिटिल पैलेस टॉयशॉप के पास, हर्ष नगर रोड, अशोक नगर, कानपुर. मो.: 9456451330



अमृत विचार कानपुर संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए वृक्षारोपण द्वारा धरती को हरा भरा बनाएं
आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रकृति को बचाएं


गुरजिन्दर सिंह
जिलाध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल
प्रदेश महामंत्री, टिंबर उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश
संयोजक
My Dream कानपुर green

## सीएसजेएमयू का दीक्षांत समारोह



**मेधा को मिला सम्मान :** सीएसजेएमयू के दीक्षांत समारोह के मंच पर पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, एआईसीटीआई के वाइस चेयरमैन अभय जेरे, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व राज्य मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

# कुलाधिपति से 39 छात्राओं व 18 छात्रों ने लिए पदक

## डीजी कॉलेज की छात्रा रितिका अवस्थी को स्वर्ण सहित 6 पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को 36 कुलाधिपति पदक प्रदान किए गए। 12 कुलपति स्वर्ण पदक, 57 स्पान्सर्ड स्वर्ण पदक सहित कुल 105 पदक दिए गए। 57 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने पदक प्रदान किए, जिसमें 39 छात्राएं व 18 छात्र शामिल रहे। डीजी कॉलेज में संगीत की छात्रा रितिका अवस्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित कुल 6 पदक मिले। 25 मेधावियों ने एक से अधिक पदक पाए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की। उन्होंने स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से नटराज की 10 फुट ऊंची मूर्ति का लोकार्पण भी किया गया। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

शोभायात्रा में कुलाधिपति, कुलपति के साथ प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, कार्य परिषद, अकादमिक परिषद सदस्य, संकायाध्यक्ष व सभी विभागाध्यक्ष सभागार में पहुंचे। समारोह में महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद रमेश अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ राकेश कुमार, वित्त अधिकारी डॉ अशोक कुमार त्रिपाठी, आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक मौजूद रहीं।

**57** स्पान्सर्ड पदकों से मेधावियों को नवाजा

**57** कुल छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किए पदक

**10** फुट ऊंची नटराज की मूर्ति का लोकार्पण

**25** छात्रों को एक से ज्यादा पदक मिले

### सीएसजेएमयू प्रगति के पथ पर

- पर्यावरण, सोलर एनर्जी, जल संरक्षण पर काम
- विवि ने 64 करोड़ लीटर पानी बचाया
- एनईपी के सभी पाठ्यक्रम पूरे करने में प्रथम
- जल्द ही डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम शुरू होगा।
- एक वर्ष में 16 अंतर्राष्ट्रीय एमओयू
- शोध गंगा की स्थापना की गई
- एक साल में 118 से अधिक पेटेंट

### सरकारी नौकरी नहीं है

राज्यपाल ने युवाओं को सरकारी नौकरी के पीछे न भागने की सीख दी। कहा कि युवा यह समझ लें कि सरकारी नौकरी मिलने वाली नहीं है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गिनाते हुए कहा इनमें कारोबार शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये का लोन मिलता है।



कुलाधिपति ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को डॉक्टरेट का मानद उपाधि प्रदान की। अमृत विचार

## हर छात्र हमारा ब्रांड एंबेसडर : महाना

**कानपुर।** कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान उन्होंने कहा, हमें विश्वविद्यालय का छात्र होने पर गौरव होता है। हर छात्र हमारा ब्रांड एंबेसडर है, हमें देश को कुछ देने की भावना को उद्देश्य बनाकर कार्य करना चाहिए। मैंने कभी कल्पना भी नहीं कि थी एक दिन विश्वविद्यालय से मुझे यह सम्मान मिलेगा। मैं इस सम्मान से अभिभूत हूं। इसके लिए कुलाधिपति का आभार प्रकट करता हूं। कुलपति की लीडरशिप की प्रशंसा करता हूं।

### 11 तालाब जिंदा होंगे 20 साड़ी बैंक शुरू किए गए

समारोह में तालाब तारण अभियान की शुरुआत कुलाधिपति और पांड मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवरकी ने की। इसमें सीएसआर फंड से तालाबों को सुधारा जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से 20 साड़ी बैंक की शुरुआत की गई।

# सर्वाइकल कैंसर का टीका न भूलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिस तरह माता-पिता अपनी बेटी की शादी के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसकी तरह बेटी को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए भी सोचना और पैसा जोड़ना चाहिए। समय पर कैंसर का टीका लगवाना चाहिए। इसका टीका शादी में होने वाले खर्च से काफी कम में लगता है, जो बेटी की जिंदगी को बचाने का काम करता है। यह बात कुलाधिपति राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दीक्षांत समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि महिलाओं व किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर के मामले अधिक बढ़ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह समाज में जागरूकता की कमी है। इससे ग्रस्त महिलाओं की मौत तक भी हो जाती है। इसलिए माता-पिता जिस तरह बेटी की शादी के लिए सोचते और पैसा जोड़ते है। उसी तरह बेटी के जन्म के बाद उसके सभी प्रकार के टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए और उन टीकों में सर्वाइकल कैंसर के टीके को नहीं भूलना चाहिए। यह टीका 12 से 15 वर्ष की उम्र में बेटियों को जरूर लगवाना चाहिए। राज्यपाल ने 153 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने के अभियान की शुरुआत की। यह अभियान विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए पांच गांवों में चलेगा।

### 100 टीबी रोगियों को दी पोषण पोटली

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इस मुहिम के तहत सीएसजेएमयू ने भी सौ टीबी रोगियों को गोद लिया है, जिनको शनिवार कुलाधिपति राज्यपाल ने पोषण पोटली वितरण की।

### गर्भ में शिशु की होने वाली मौतों पर हो शोध

राज्यपाल ने कहा कि हर साल तीन सौ से चार सौ शिशुओं की मृत्यु मां के ही गर्भ में हो जाती है। इसका अनुपात कम करने के लिए यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग को काम करना होगा। साथ ही इसका मुख्य कारण पता लगाने के लिए शोध कार्य करने चाहिए।

### पढ़ाई के साथ संस्कार भी जरूरी : उच्च शिक्षा मंत्री

**कानपुर।** समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी बताया। उन्होंने युवाओं से कहा कि आज के दौर में सिर्फ पढ़ाई जरूरी नहीं है। पढ़ाई तो आतंकवादी ओसामा बिन लादेन और अफजल गुरु ने भी की थी। पढ़ाई करने का उनका उद्देश्य नकारात्मक था। इसलिए जीवन व अपने माता पिता के अनुभवों के साथ शिक्षा का उपयोग संस्कार मिलाकर गुणवान बनने की ओर युवाओं को अग्रसर होना चाहिए। भारतीय संस्कृति की जड़ें सनातन में ही है।

**7 .47 लाख अंक तालिका डिजीलॉकर में अपलोड :** कुलाधिपति ने एक क्लिक पर डिजीलॉकर में सभी छात्र-छात्राओं की डिग्री और मार्कशीट अपलोड कर दी। 1,18,737 छात्र-छात्राओं को डिग्री व 7 लाख 47 हजार 369 मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड की गयी। लॉकर में डाटा अपलोड होते ही सीएसजेएमयू देश भर में इस मामले में नंबर वन हो गया।

# एआई ने बदला स्वरूप हर 5 साल में परिवर्तन

**कानपुर।** शिक्षा किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि प्रतिभा निखारने के लिए देश में चल रहे नए नए वोकेशनल प्रोग्राम में भी भाग लेना चाहिए। यह बात दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एआईसीटीई के वाइस चेयरमैन डॉ अभय जेरे ने कही। उन्होंने युवाओं को एआई के आने से एजुकेशन और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे नए-नए सृजन के बारे में बताया। यह भी कहा कि जिस तरह से आज बैंकिंग का स्वरूप बदला है इसी तरह भविष्य में शिक्षण संस्थानों का स्वरूप बदलने की प्रबल संभावना है। इसलिए रोजगार परक शिक्षा के साथ लगातार अपडेट रहने की जरूरत है। एक जैसा काम आज के युवाओं को हमेशा नहीं करना पड़ेगा। हर पांच साल में दुनिया बदल रही है।



डॉ अभय जेरे। अमृत विचार

## आगे बढ़ना है देश का नाम करना है

बांदा निवासी रितिका अवस्थी को सीएसजेएमयू के दीक्षांत समारोह में छह पदक प्राप्त हुए। वह संस्कृतिक संगीत सीख रही है। रूचि शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर बनने की है।



अहिरवा कटरा निवासी प्रज्ञा को डॉ. हरदत्त शास्त्री स्वर्ण पदक एमए संस्कृत परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने पर मिला। वह अब संस्कृत में पीएचडी करना चाहती हैं।



नौबस्ता के राजीव विहार निवासी आकृति बाजपेई को कुलाधिपति समेत छह पदक मिले। उन्होंने इसका श्रेय मां किरन व पिता शैलेंद्र को दिया। कानून की पढ़ाई करने वाली आकृति भविष्य न्यायपालिका में तलाश रही हैं। वह एलएलएम की पढ़ाई के साथ पीसीएस जे की तैयारी करना चाहती है।



दर्शनपुरवा निवासी भारती गुप्ता को कुलाधिपति कांस्य पदक, सरदार इंदर सिंह स्वर्ण पदक व डॉ.एसएम शुक्ल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। पिता राज किशोर व मां किरन के लिए यह गौरव भरा पल रहा। अब वह मॉस्टर ऑफ कॉमर्स में हाथ अजमाएंगी।



इंद्रा नगर निवासी अनुराधा शर्मा को कुलाधिपति कांस्य पदक, कुलपति स्वर्ण पदक और सरदार इंदर सिंह स्वर्ण पदक मिला। इस खुशी के पल में मां लक्ष्मी साथ रहीं। अनुराधा कोलकाता से एमबीए कर रही हैं।



मंधना निवासी देवांग दीक्षित को कुलाधिपति कांस्य पदक, डॉ. बाल मुकुंद गुप्ता व रामदुलारी कपूर स्वर्ण पदक मिले। वह वीएसएसडी कॉलेज से है। देवांग ने बताया कि माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से अनमोल क्षण प्राप्त हुआ।



फूलबाग निवासी शेषधर बाजपेई को कुलपति कांस्य पदक मिला। शेषधर ने बताया कि कानून की पढ़ाई के बाद न्यायाधीश बनने की तैयारी करेंगे। कानून के लिए और समाज के हित में काम करेंगे।



चमनगंज निवासी फरीहा इस्लाम को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उनकी भौतिक विज्ञान में शोध कार्य करने की इच्छा है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हैं।



हैदराबाद के तेलंगाना निवासी राजवी बाजपेई को चार पदकों से सम्मानित किया गया। राजवी पिता सुजीत कुमार एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं। वह नेट पीजी करना चाहती हैं। छात्रा ने वीडियो कॉल के माध्यम से परिजनों के साथ खुशी शेयर की।



कल्यानपुर निवासी सिद्धार्थ सिंह को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के परास्नातक स्तर के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए स्व. अतुल महेश्वरी पत्रकारिता स्मारक स्वर्ण पदक मिला। वह मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़ वह सिविल की तैयारी कर रहे हैं।



## ऐसा काम न करें जो जेल जाना पड़े

समारोह में कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छात्र छात्राओं को सामाजिक सीख देते हुए कहा कि ऐसी कोई गलती न करें कि जेल जाना पड़े। युवाओं से समाज में भी योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अवसरों के साथ चुनौती भी सामने आएगी। इन चुनौतियों का सामना शिक्षा और संस्कार से ही हो सकता है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर किशोरियों के लिए चिंताजनक बताकर जागरूकता की जरूरत बताई। कार्यक्रम में उन्होंने 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्री को किट वितरित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी समाज की नींव है।

**राज्यपाल के साथ साफ्टवेयर ने खींच दी फोटो :** समारोह में प्रमुख मेडल हासिल करने वाले मेधावियों को ही मंच पर जाने की अनुमति थी। लेकिन अन्य छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय प्रशासन ने निराश नहीं किया। उनके लिए वीएफएक्स सॉफ्टवेयर के जरिए ऐसी व्यवस्था की गई जिससे वह अपनी आभासी फोटो राज्यपाल के साथ खिंचवा सकते थे।

**यूपी की शिक्षा में बदलाव : रजनी तिवारी :** समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने विश्वविद्यालय को नैक एप्लसप्लस की बधाई देते हुए कहा की यूपी की शिक्षा पद्धति में निर्णायक बदलाव हुए हैं। आप सभी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें अब राष्ट्र की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। उन्होंने युवाओं से कहा कि उनका जितना बड़ा लक्ष्य होगा उतनी ही बड़ी चुनौती होगी। इसलिए युवाओं को चुनौतियों का सामना करने से घबराना नहीं चाहिए।

# साहिल हत्याकांड में लापरवाही पर निपटे गोविंद नगर इंस्पेक्टर

**कानपुर।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के विवाद में रतनलाल नगर में सरेराह साहिल की पीट पीटकर हत्या के मामले में लापरवाही पर गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा निपट गए। इससे पहले चौकी इंचार्ज भी लापरवाही बरतने पर निलंबित किए जा चुके हैं। महादेव नगर कच्ची बस्ती निवासी गांजा तस्कर हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ मैडी का पड़ोसी साहिल व उसकी बहनों मुस्कान, मोनी, सोनी, मोहिनी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीते वर्ष विकास ने साहिल पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। इस मामले में हिस्ट्रीशीटर व उसके भाई विक्रम और विवेक को जेल भेजा गया था। कुछ समय पहले विक्रम व विवेक जेल से छूटकर आए और मुस्कान को कोर्ट में गवाही न देने की धमकी दी थी। मना करने पर विक्रम, विवेक ने साथियों अक्षय विशाल के साथ साहिल को सीटीआई नहर के पास घेरा और पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने इस मामले में रतनलाल नगर चौकी प्रभारी विद्याश्री को निलंबित कर दिया था। गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार को भी लापरवाही का दोषी माना था। उनके खिलाफ थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को फाइल भेजी थी। पुलिस कमिश्नर ने इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा को थाना प्रभारी पद से हटाकर प्रभारी महिला अपराध के साथ प्रभारी एंटी भू- माफिया सेल, नारकोटिक्स, सम्मन और लाइसेंसिल सेल की जिम्मेदारी दी है।

## निलंबित सिपाही के गंगा से छलांग लगाने की आशंका

**कानपुर।** जाजमऊ पुल पर एक निलंबित सिपाही की बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिली। इस दौरान सिपाही के पुल से गंगा में छलांग लगाने की आशंका है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर गोताखोरों की मदद से सिपाही की गंगा नदी में तलाश शुरू करा दी है। इटावा निवासी नागेंद्र यादव और उनकी पत्नी सुगंधा यादव पुलिस विभाग में सिपाही है। सुंगधा यादव महिला थाने तथा नागेंद्र पुलिस लाइन में तैनात है। किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि नागेंद्र और पत्नी के बीच अनबन चल रही है। सुंगधा यादव ने ही पति की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की थी। 20 दिन पहले अफसरों ने नागेंद को निलंबित कर दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार शुक्रवार को नागेंद्र पत्नी के जूही थाने के पीछे स्थित सरकारी आवास में रुका था। देर रात वह कार लेकर घर से निकल गया। इसके बाद चकेरी क्षेत्र में स्थित दूसरे मकान में पहुंचा। वहां कार खड़ी की और बाइक लेकर निकल गया। सुगंधा ने नागेंट की गुमशुदगी किदवई नगर थाने में दर्ज कराई है। इधर, रात 8 :30 बजे नागेंद्र की बाइक जाजमऊ पुल पर लावारिस हालत में खड़ी मिली। सूचना पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने बाइक नंबर की जांच की तो वह नागेंद्र की निकली। थाना प्रभारी ने बताया कि नागेंद्र का मोबाइल फोन स्वीच ऑफ है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नागेन्द्र यादव ने पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी हो।




## एक नजर

### इकाना स्टेडियम से मंगवाया सुपर सॉपर

कानपुर । ग्रीनपार्क मैदान पर जमा पानी निकालने के लिए रातोंरात लखनऊ के इकाना स्टेडियम से सुपर सॉपर मशीन मंगाई गई। शुक्रवार रात मैदान का निरीक्षण किया गया तो कवर्स पर काफी पानी जमा था। इस पर ग्रीनपार्क में मौजूद दो सुपर सॉपर को पानी निकालने के लिए लगाया गया। यूपीसीए ने इकाना स्टेडियम से रातोंरात बेहतर क्षमता का एक सुपर सॉपर मंगवाया गया। तीनों सुपर सॉपर शनिवार सुबह से ही मैदान को सुखाने में लगे रहे। करीब 12 बजे लखनऊ से आए सुपर सॉपर में कुछ खराबी आ गई। उसे तत्काल ठीक कराया गया। दिन भर मैदान पर तीनों सुपर सॉपर पानी निकालते रहे।

### 4 डिग्री और गिर गया पारा

कानपुर। शहर में शनिवार को रुक-रुक कर बारिश व बूंदाबादी से सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। सीएसए विवि में 40.8 मिमी व चकेरी एयरपोर्ट में 75.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। 24 घंटे के भीतर 4 डिग्री अधिकतम तापमान गिर और गिर गया। सड़कों के गड्ढों और जगह-जगह हुए जलभराव ने यातायात धीमा किया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो शनिवार को 24.2 डिग्री पहुंच। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का असर शहर में रहा। फिलहाल 30 तक यह स्थिति बनी रहेगी।

### स्टेडिम में बारिश के दौरान भीगते रहे उत्साही दर्शक

कानपुर । शनिवार सुबह बारिश के बीच उत्साही दर्शक भीगते हुए ग्रीनपार्क पहुंचे और दो बजे दूसरे दिन के खेल कॉल ऑफ की घोषणा तक जमे रहे। इस दौरान दीर्घाओं में टोपी, तिरंगा, पोस्टर लिए दर्शक ढोज पर नाचते इंडिया-इंडिया दिल्लाते रहे। मैच देखने आए स्कूली बच्चों को भी निराश होना पड़ा।

### यूपीसीडा ने जीता सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार

नोएडा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एक बार फिर से यूपीसीडा ने सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार जीता है। यूपीसीडा ने स्टॉल में अपनी प्रमुख परियोजनाओं जैसे हाथरस और पीलीभीत समेत राज्य में औद्योगिक विकास की पहल का प्रदर्शन किया।

# मैच का टिकट बदल सकते या पैसा वापस लें

## ग्रीनपार्क : भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच में बारिश के कारण दो दिन में हो सका केवल 35 ओवर का ही खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में शनिवार को बारिश के कारण भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच नहीं हो सका। इससे दर्शक मायूस हुए और शाम को वापस लौटते समय टिकट काउंटर पर कर्मियों से भिड़ गए। लोग चिल्लाते देखे गए कि भीगते पानी में बैठे रहे, खेल नहीं हुआ। अपना पसंदीदा खिलाड़ी भी नहीं देख सके। टिकट का पैसा वापस किया जाए। टिकट काउंटर पर हो-हल्ला होने पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया।



टिकट काउंटर पर धन वापसी के लिए हंगामा करते दर्शक। अमृत विचार

इस मामले की जानकारी जब यूपीसीए के अधिकारियों को हुई तो उन्होंने दर्शकों की समस्या समाधान के लिए दो तरीके निकाले। इसमें पहला यह कि अभी तीन दिन का टेस्ट मैच बाकी है। ऐसी स्थिति में दर्शक तीन दिन में से किसी भी एक दिन का टिकट 28 सितंबर को टिकट काउंटर से बदलकर ले सकते हैं। दूसरा 2 अक्टूबर को अपना पैसा वापस आकर ले लें। यूपीसीए के अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है कि 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक किसी भी दिन का टिकट 28 सितंबर के टिकट से बदल लें। इसके लिए दर्शक गेट नंबर-10 बी और 10 सी पर बने काउंटर पर जाएं। पैसा वापस लेने के लिए स्थान जल्द बता दिया जाएगा।

### मेडिकल टूरिज्म पर आया था टाइगर रॉबी, वापस लौटा

कानपुर। बांग्लादेशी नागरिक टाइगर रॉबी उर्फ रबी-उल-इस्लाम हालत में सुधार होने पर शनिवार को वापस बांग्लादेश के लिए निकल गया। जाते वक्त उसने पुलिस मदद को काफी सराहा। पुलिस ने बताया कि मेडिकल टूरिज्म में भारत आया टाइगर रॉबी इलाज कराने के बजाए क्रिकेट मैच देखने आ गया था। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि 18 सितंबर को ढाका निवासी टाइगर रॉबी मेडिकल टूरिज्म पर भारत आया था। मेडिकल वीजा ज्यादा से ज्यादा 15 दिनों के लिए जारी होता है। डीसीपी के अनुसार उसकी मेडिकल रिपोर्ट में लंग्स कैंसर होने की पुष्टि हुई है जो कि एडवांस स्टेज पर है। शुक्रवार को उसकी तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके साथ कोई मारपीट नहीं हुई। सीसी कैमरे में वह खुद पेट पकड़कर बैठ गया था। वहीं सी बालकनी के पास मौजूद सूत्रों ने बताया कि वह जर्जर स्थान पर खड़ा था जहां बाउंसरों ने उसे जाने से मना किया वह नहीं माना था तो धक्कमुक्की हुई थी। पुलिस ने डिहाइड्रेशन से तबियत बिगड़ने की बात कही थी।

# बांग्ला देश फैन से विवाद के बाद कड़ी हुई सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एटीएस कमांडों के साथ खुफिया रही सक्रिय
- स्कैनर लगाकर लोगों के बैग की हुई चेकिंग

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सी-बालकनी में खड़े बांग्लादेश के प्रशंसक से विवाद की घटना के बाद शनिवार को सुरक्षा कड़ी रही। स्टेडियम में कमांडो चारों तरफ गश्त करते रहे। खुफिया भी सक्रिय रही और वैन स्कैनर से लोगों को बैग व झोला चेक किया जाता रहा।

मैच के पहले दिन बांग्लादेश का प्रशंसक कादिर टाइगर रूबी सी-बालकनी में अपने देश का झंडा लेकर खड़ा था। उसका झंडा गिरने पर उसने धक्का लगने का आरोप लगाया था। इसके बाद दर्शकों से विवाद व मारपीट का आरोप भी लगा। टाइगर रूबी को हालत बिगड़ने पर पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था।

पुलिस ने डिहाइड्रेशन से उसकी तबियत बिगड़ने की बात कही थी। इस घटना के बाद दूसरे दिन एटीएस कमांडो स्टेडियम के चारों ओर गश्त करते दिखे। पुलिस ने टाइगर रूबी के बारे में बताया कि वह मेडिकल वीजा पर इंडिया आया है। सिक्योरिटी प्लान के तहत बांग्लादेशी और अन्य देशों के प्रशंसकों की दीर्घा में पुलिस मौजूद रहेगी।

## ट्रैफिक दरोगा पर वसूली का आरोप, हंगामा

कानपुर। नवाबगंज चिड़ियाघर के पास ई-रिक्शा व कामर्शियल वाहन चालकों से ट्रैफिक दरोगा पर वसूली का आरोप लगा कर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटा। आरोप लगाया कि ट्रैफिक दरोगा ई-रिक्शा चालको से जबरन वसूली करते हैं और विरोध करने पर चालान कर देते हैं। मौके पर पहुंचे से एडीसीपी सेंट्रल व एडीसीपी ट्रैफिक ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित बजरंगदल कार्यकर्ताओं को शांत कराया। मामले की जांच एसीपी ट्रैफिक को सौंपी।

बजरंगदल महानगर प्रमुख कृष्णा तिवारी ने बताया काफी समय से चिड़िया घर तिराहे पर ई-रिक्शा व कामर्शियल वाहन चालकों से वसूली की शिकायतें आ रहीं थीं। ट्रैफिक पुलिस में तैनात दरोगा ईश्वर सिंह चौराहे पर वाहनों की चेकिंग के नाम पर ई-रिक्शा चालकों से वसूली व अभद्रता कर रहे थे।

# कम सदस्यता वाले बूथों पर अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शनिवार को जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दक्षिण जिले के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। केशव नगर स्थित दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर लक्ष्य से कम सदस्यता हुई है, वहां रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर कम से कम 100 सदस्य बनाएंगे। कम सदस्यता वाले बूथों पर जनप्रतिनिधि, प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से लगाया गया है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी एक से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी। 16 से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को 100 सदस्य बनाना अनिवार्य है। बैठक में कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, विनोद मिश्रा, विजय अवस्थी, अर्जुन बेरिया, मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, अर्चना आर्या, वंदना गुप्ता, शैलेंद्र त्रिपाठी, संजय कटियार, शिवम मिश्रा, वीरेंद्र दिवाकर, संजीव बेरी मौजूद रहे।

**विदेशी शक्तियों की भी नजर:** उत्तर जिले के सदस्यता अभियान की समीक्षा प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि उत्तर की ऑनलाइन सदस्यता 1,09,314 हो गई है। प्रदेश में हम 1 करोड़ 50 लाख सदस्य बना चुके हैं। भाजपा की सदस्यता पर देश ही नहीं विदेशी शक्तियों की भी नजर है। 2014 में हम सबसे बड़ी पार्टी बने थे। जिलाध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक में सांसद रमेश अवस्थी, प्रमिला पांडेय, नीलिमा कटियार, सलिल विशनोई, सुरेंद्र मैथानी, दिनेश राय, जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, आनंद मिश्रा रहे।

### सीसामऊ का चुनाव अपराधी प्रवृत्ति के कारण

कानपुर। भाजपा की ओर से द्वारकापुरी बाजार में आयोजित जन चौपाल में प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सीसामऊ विधानसभा का उपचुनाव यहां के वर्तमान विधायक का अपराधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण हो रहा है। मंत्री ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा नहीं है। अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास बनाए गए हैं। चौपाल का संचालन जिला मंत्री धीरज बाल्मीकि और अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर ने किया। महापौर प्रमिला पांडेय, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी रहे।

## मुआवजे की मांग को लेकर लगाया जाम

कानपुर। बिल्हौर में हुए सड़क हादसे में संविदा रोडवेज कर्मी की गुरुवार को मौत हो गई थी। शव के पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार को मुआवजे की मांग को लेकर फजलगंज चौराहे के पास जाम लगा दिया। महिलाओं ने सड़क पर लेटकर रोडवेज अधिकारियों और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ हंगामा देर रात तक चलता रहा।

शिवराजपुर के बख्तियारपुर निवासी 32 वर्षीय हरीओम रोडवेज में संविदा कर्मी था। गुरुवार को बिल्हौर में सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। शुक्रवार को आक्रोशित परिजन रोडवेज अधिकारियों के खिलाफ 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए। परिजनों ने हंगामा फजलगंज डिपो में भी किया।

### बिहार से आया मेरा दोस्त



"लखनऊ व शिवान से आए क्रिकेट प्रशंसक निराश हुए" लखनऊ से मैच दिखाने अपने दिव्यांग दोस्त रत्नेश कुमार को कानपुर लेकर आया बिहार के शिवान का रहने वाला सोनू गुप्ता निराश होकर वापस होटल लौटने को मजबूर हुआ क्योंकि टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल में बाधा बनी बारिश और मैच रद्द हो गया। पहली बार कानपुर आए क्रिकेट प्रेमी रत्नेश कुमार अपने खिलाड़ी रोहित शर्मा को तथा सोनू अपने खिलाड़ी विराट कोहली को मैच खेलते देखने आए थे। फोटो -मनोज तिवारी



## एक नजर

### कल आएंगे पूर्व डिप्टी सीएम

**कानपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को हरसहाय डिग्री कॉलेज में भाजपा की ओर से संगोष्ठी एवं प्रबुद्ध समागम आयोजित होगा। जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री और सांसद डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### हादसे में युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में एक्सिस कॉलेज के सामने गुरुवार रात थाना मेजा निवासी भईया के रहने वाला 22 वर्षीय शिवराज ट्रैक्टर ट्राली पर बैठा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे वह सिर के बल डिवाइडर पर गिरा। इससे उसकी मौत हो गई।

### निःशुल्क बीज वितरण

**कानपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. बलदेव प्रसाद ने बताया कि टमाटर, फलगोभी, लौकी, करैला, कद्दू, कीरा एवं मिर्च के बीज का नि:शुल्क वितरण 3 अक्टूबर को विकास भवन स्थित जिला उद्यान कार्यालय कमरा नंबर 21 में किया जाएगा। इच्छुक किसान योजना प्रभारी अनिल कुमार के पास अपना ब्यौरा खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं दो फोटो 2 अक्टूबर तक उपलब्ध करा दें।

# 2 और इनामिया हुए गिरफ्तार

## पुलिस ने 62 दिनों से फरार जितेश व अली अब्बास को दबोचा, पूछताछ में मिले सुराग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ से ज्यादा कीमत की नजूल की जमीन पर कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित ने साथियों के साथ मिलकर कब्जा करने का प्रयास किया था। लेखपाल विपिन कुमार और वादी सैमुएल देव सिंह ने अवनीश समेत 12 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में फरार 9 आरोपियों पर डीसीपी पूर्वी ने 50-50 हजार रुपये इनाम रखा था। आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही कोतवाली पुलिस ने 62 दिनों से फरार जितेश झा और अली अब्बास को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में जितेश झा और अली अब्बास। अमृत विचार

28 जुलाई को अवनीश दीक्षित मैरी एंड मैरी मैन कंपाउंड की जमीन पर साथियों के साथ कब्जा करने गए थे। इस घटना में अवनीश दीक्षित, जितेश झा, राहुल वर्मा, अली अब्बास, विक्की चार्ल्स, मोहित बाजपेई, नौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अपर्णा एरियल, संदीप शुक्ला, हरेंद्र मसीह के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने अवनीश को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपी फरार हो गए थे। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने 9 फरार आरोपियों पर 50-50 हजार इनाम रखा था। 6 इनामी आरोपी पकड़े जा चुके हैं। अब जितेश झा निवासी सिविल लाइंस और अली अब्बास निवासी लोहा मिल कंपाउंड लालबंगला को गिरफ्तार कर लिया गया है। इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि दोनों आरोपियों को होटल द ग्रांड रेडियंस के पास से गिरफ्तार किया गया। जितेश झा पर कोतवाली में दो और अली अब्बास पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

- सिविल लाइंस में नजूल की 1000 करोड़ की जमीन पर कब्जे में थे नामजद

### अवनीश के बाउंसर थे दोनों

- जमीन कब्जा के प्रयास व डकैती के आरोप में पकड़े गए जितेश झा और अली अब्बास से पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों अवनीश दीक्षित के बाउंसर की तरह काम करते थे। दोनों नवीन मार्केट स्थित क्रिस्टल पार्किंग व सोमदत्त प्लाजा का स्टैंड चलाते थे। जमीन की खरीद-फरोख्त व वसूली में अवनीश का सहयोग करते थे। जितेश झा श्रीआनंदेश्वर एसोसिएट फर्म में 15 फीसदी का साझीदार है।

## इलेक्ट्रॉनिक शॉप में लाखों की चोरी

**कानपुर।** मूलगंज थानाक्षेत्र में छत के रास्ते घुसे चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक शॉप के काउंटर का ताला तोड़कर लाखों रुपये नकदी पार कर दी। पीड़ित व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोविंद नगर निवासी मुनीस सेठी ने बताया उनकी गणेश इलेक्ट्रिक कंपनी नाम से राजगद्दी हटिया में दुकान है।

26 सितंबर को रात 8 बजे दुकान बंद कर वह गोविंद नगर स्थित घर चले गए थे। 27 सितंबर को सुबह 11.30 बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि काउंटर का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये चोरों ने उड़ा दिए हैं। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पाया गया कि पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर चोर खिड़की का सरिया तोड़कर अंदर दाखिल हुए। वारदात रात 2 से 4 बजे के बीच हुई। मूलगंज इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



सर्वेश मिश्रा का स्वागत करते पत्र वितरक। अमृत विचार

### पत्र वितरक नेता सर्वेश मिश्रा का जन्मदिन मनाया

**कानपुर।** श्रमजीवी समाचार पत्र वितरक मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा का जन्मदिन विजयनगर सेंटर पर धूमधाम से मनाया गया। वीर सिंह राजावत ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया। चंद्रशेखर गुप्ता ने माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर चाय वितरण का भी कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जगदीश, परमानंद पाल, अखिलेश, राजू शुक्ला, सुनील तिवारी, कमल, चंद्रशेखर आजाद, शिवा भाई, अर्जुन भाई, ज्ञानेंद्र, गुड्डू त्रिपाठी, सोनू, पदम बहादुर, दीपचंद उपस्थित रहे।

### महिला को घर से निकाला दूसरी शादी करने का आरोप

**कानपुर।** व्यापार के लिए 2 लाख रुपये व अंगूठी न देने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने बिना तलाक दिए दूसरी महिला से शादी कर ली। पीड़िता ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी विवाहिता ने बताया कि उसका वर्ष 2014 में विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ससुरालीजन व्यापार के लिए 2 लाख व एक सोने की अंगूठी की मांग करने लगे। वर्ष 2015 में गर्भावस्था के दौरान भूखा प्यासा रखा। देवर अश्लील हरकतें करते थे। शिकायत करने पर ससुरालीजनों ने मायके भेज दिया। बेटे के जन्म के बाद वह ससुराल पहुंची तो दोबारा दहेज की मांग शुरू कर दी। बीती 25 अप्रैल को मांग पूरी न करने पर ससुरालीजनों ने पति की दूसरी शादी कराने की धमकी दी। पति व देवर ने बेल्ट से पीटा।


अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
घाटमपुर परिशिष्ट

अमृत विचार समाचार पत्र में विगत 2 वर्षों में कानपुर जनपद में जो सफलता के की बुलंदियों को छुआ है वह वाकई में काबिले तारीफ है समाचार पत्र में लगातार आम जनमानस से जुड़े तमाम ऐसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए जिनको सीधे सीधे आम जनता तक प्रभाव पड़ा तमाम ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी अपने साथ समेट कर ऐसे समाचारों को प्रकाशित किया जो वाकई में आम समाज के हितकारी थी इसके अतिरिक्त अन्य समाज के खबरों के साथ अपराध की दृष्टि में भी अमृत विचार का समाचार संकलन वाकई में काबिले तारीफ है कानपुर जैसे बड़े शहर में महज 2 वर्षों में खुद को स्थापित करने में जो मेहनत अमृत विचार परिवार के लोगों ने की है उसे वह वाकई में काबिले तारीफ है में अमृत विचार समाचार पत्र के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं



अखिलेश अवस्थी
पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति ककवन /
कार्यालय प्रभारी जिला मंत्री
भाजपा कानपुर ग्रामीण

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय यादव
(कोटेदार औरोताहारपुर, ककवन कानपुर नगर)

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिंटू राठौर
ग्राम प्रधान
प्रधान संघ अध्यक्ष ब्लाक ककवन

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राज कुमार सिंह भदौरिया
ग्राम प्रधान मोहद्दीमपुर विकास खण्ड बिल्हौर
पूर्व अध्यक्ष/महामंत्री बार एसोसिएशन
बिल्हौर कानपुर नगर

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ठा. अजीत सिंह राजावत
ग्राम प्रधान महिगंवा
प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष विकास खण्ड बिल्हौर
विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी, कानपुर ग्रामीण

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ए.एम. पी. एस. इंटर कॉलेज
ककवन कानपुर नगर
कक्षा - पी.जी. से 12 तक
ककवन क्षेत्र का एकमात्र
विज्ञान वर्ग इण्टर कालेज
मीडियम- अँग्रेजी और हिन्दी
शिक्षार्थ आइए..... सेवार्थ जाइए

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज कुमार
अवर अभियंता
पीडब्ल्यूडी कानपुर नगर

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1-सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्सरे सुविधा उपलब्ध
2- विधानसभा के प्रमुख तीर्थ स्थलो का जीर्णोद्धार
3- आंकिन गंगा घाट का जीर्णोद्धार
4- महापुरुषों के नाम पर गांव मे मुख्यद्वार
5- हर गांव होगें जल्द ही स्ट्रीट लाईट से रोशन
राहुल काला बच्चा सोनकर
क्षेत्रीय विधायक 209 बिल्हौर विधानसभा

अमृत विचार कानपुर संस्करण
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राम गनेश ज्वेलर्स
ककवन कानपुर नगर
राजू स्वर्णकार
संरक्षक
(ग्राम प्रधान ककवन)
अंबर सोनी (सत्यम)
प्रोपराइटर

क्योंकि शुद्धता ही हमारी पहचान है।
स्वच्छता ही सेवा है नोटः ग्राम पंचायत को साफ सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है

# चोरी में असफल चोरों की गोली से किशोरी घायल

## मौके पर पहुंची पुलिस ने की घटनास्थल की जांच -पड़ताल

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** शिवराजपुर के विरैचामऊ गांव में शुक्रवार रात एक घर में चोरी करने के इरादे से कुछ चोर पहुंच गये। घर में मौजूद लोगों के जागने पर और चोरी में असफल होने पर चोर फायर करते हुए मौके से भाग निकले। चोरों द्वारा चलाई गई गोली से किशोरी घायल हो गई उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### 6 लोगों को हिरासत में लेकर शुरू हुई पूछताछ

- घटना की जांच–पड़ताल में जुटी पुलिस ने 6 संदिग्ध लोगों को रात में ही हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### सुधि के दोनों पैरों में लगी गोली

- चोर द्वारा चलाई गई गोली किशोरी सुधि के एक पैर को पार करते हुए दूसरे पैर में जा लगी। जिससे वह गिर पड़ी और चोर मौके से भागने में सफल रहे। फायर होते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के विरैचामऊ गांव निवासी अजय शर्मा कारपेंटर का काम करते हैं। शुक्रवार को वह पत्नी सावित्री के साथ उसके भाई के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने अपनी ससुराल कानपुर देहात जनपद में झींझक गए थे। घर पर उनकी बड़ी बेटी दीपांशी, छोटी बेटी सुधि, बेटा आकाश मौजूद थे। शाम को उनके चाचा बृज किशोर शर्मा का बेटा दीपक व उसके मामा का लड़का प्रदीप भी उन्हीं के घर पर लेटने के लिए आये हुए थे। सभी लोग घर में सोए हुए थे। देर रात पंचायत घर से होते हुए कुछ चोर उनके घर चोरी के इरादे से पहुंच गए। खटपट की आवाज सुनकर उनकी बेटी सुधि जाग गई और शोर मचाते हुए चोर को पकड़ने का प्रयास करने लगी। घर वालों के जागने पर चोर घबरा गये और भागने लगे। चोरों ने भागने के दौरान फायरिंग भी की जिससे सुधि के पैरों में गोली लग गई और वह घायल हो गई।

### शटर तोड़कर बीज एजेंसी से नकदी व चांदी के सिक्के पार

- **शिवराजपुर।** शुक्रवार देर रात 3 चोर बीज एजेंसी से शटर तोड़कर नकदी व चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। क्षेत्र के महिपालपुर ग्राम प्रधान आशुतोष कटियार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि काकूपुर रोड स्थित राम सहाय इंटर कॉलेज के पास में शक्ति बीज एजेंसी के नाम से खेती के बीज व दवाइयों की दुकान है। शुक्रवार रात में दुकान बंद करने के बाद देर रात तीन चोरों ने शटर उठाकर दुकान के अंदर रखी गुल्लक से 25,000 रुपये व 20 ग्राम चांदी के चार सिक्के चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पाया है कि 3 चोर दुकान के अंदर घुसे व घटना को अंजाम दिया है इस मामले में थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।

## पाप बढ़ने पर परमात्मा लेते हैं अवतार : आचार्य

**बिल्हौर।** ककवन ब्लाक के औरोतहारपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य श्रीकान्त दास जी महाराज द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। यहां पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिये भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर पाप का प्रकोप बढ़ता है तब तक नारायण अवतार लेकर प्रकट होते हैं। मथुरा और वृंदावन की धरती कंस के पापों से जब डोलने लगी थी, तब श्री सर्वेश्वर ने नंद बाबा के घर जन्म लेकर धरती के लोगों को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। कथा के दौरान श्री कृष्ण का जन्म होते ही सोहर और भजनों से पूरा पांडाल गूंज गया। वहीं मौजूद भक्त नृत्य करते हुए झूमने लगे।

# घूसखोरी के आरोप में लेखपाल हुई निलंबित

संवाददाता , सरसौल

**अमृत विचार।** नर्वल के शीशूपुर पौहार में तैनात लेखपाल को एसडीएम नर्वल ऋषभ ने घूसखोरी के आरोप में निलंबित किया।

नर्वल के पौहार गांव निवासी सावित्री ने क्षेत्रीय लेखपाल मोनाली सिंह के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत की थी। घूस मांगने का ऑडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। उसमें लेखपाल काम कराने के बदले 5 – 6 हजार रुपये मांग रही है। सावित्री ने बताया कि उनका घर बारिश में जमींदोज हो गया था। जमीन पर लोग कब्जा कर रहे थे। उसने जब मकान बनवाना शुरू कराया तो दबंगों ने लेखपाल से मिलकर काम रुकवा दिया। उसने लेखपाल को जमीन के कागज भी दिखाए। वह मकान बनवाने के नाम पर 10 हजार रुपये मांगने लगीं। इसके बाद घूस मांगने का ऑडियो प्रचलित हो गया। जब ऑडियो में रुपये मांगने की पुष्टि हुई तो तहसील प्रशासन बैकफुट पर आ गया। आखिरकार प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। क्योंकि ऑडियो में लेखपाल कह रही है कि साहब से भी बात की है। कोई हमारे साइन से ही काम नहीं हो जायेगा। एसडीएम नर्वल ऋषभ वर्मा ने लेखपाल मोनाली सिंह को निलंबित कर दिया।

## बिजली गिरने से किसान झुलसा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शाखा जनवारा गांव में खेतों में मवेशी चरा रहा किसान बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया।

रेवन थाना क्षेत्र निवासी लालाराम 60 वर्ष शुक्रवार को शाम को जानवर चराने खेतों में गया था जहां पर बारिश के दौरान छाता लगाकर खेतों के पास बैठा हुआ था। इसी बीच बिजली गिर जाने से वह इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। खेतों में मवेशी चरा रहे अन्य ग्रामीणों ने जानकारी लालाराम के परिजनों को दी। वृद्ध के परिजन सीएचसी उसे घाटमपुर अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर किया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरिगवॉ वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर।

पत्रांकः मेमों/पं0 रा0वि0आ0/पन्द्रहवॉ वि0/मनरेगा/रॅड/निविदा 2024–25 दिनांक 28/09/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सरिगवॉ विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 04/10/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 04/10/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30/09/2024 से दिनांक 03/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर. आर. सी. सेन्टर का निर्माण कार्य। ( SBM + वित्त ) | सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 4.00 | 00 | 2 माह |
| 2 | वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण कार्य। ( SBM + वित्त ) | सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 1.80 | 00 | 2 माह |
| 3 | आर. आर. सी. सेन्टर का साईड डेवेलपमेन्ट कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.49 | 00 | 2 माह |

नियम व शर्तेः–

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 03/10/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 04/10/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरिगवॉ
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सरिगवॉ
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर


## सार-संक्षेप

### एनएचएआई व पीएनसी ने की स्लैब में दरार की पुष्टि

**घाटमपुर।** घाटमपुर के ओवरब्रिज के स्लैब में दरार पड़ने की खबर पर शनिवार को पहुंची एनएचएआई व पीएनसी की टीमों ने ओवरब्रिज का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट में घाटमपुर ओवरब्रिज में दरार होने की पुष्टि हुई है। स्लैब में आई दरार को पीएनसी के द्वारा सही कराया जायेगा। इंजीनियर ने बताया कि ओवरब्रिज पर लोड एक जगह पर हो जाने से स्लैब में दरार आई है। एनएचएआई के इंजीनियर उमेश कुमार ने बताया की उन्होंने ओवरब्रिज का निरीक्षण किया है। ओवरब्रिज की स्लैब में हल्की दरार आई है। जिसकी रिपोर्ट वह एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमन गोविंदा को भेजेंगे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**घाटमपुर।** साढ़ कस्बा के पल्लेदार सुरेश पांडेय तिरपाल से गल्ला ढकने को ट्रक के ऊपर चढ़ा हुआ था। तभी ऊपर से निकले हाई टेंशन बिजली के तार से वह छू जाने से तेज करंट लगने से सुरेश ट्रक के नीचे गिर गया और उसके मुंह से खून आने लगा ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे भीतरगांव सीएचसी भेजा गया।

### दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

**घाटमपुर।** तहसील घाटमपुर क्षेत्र के गांव बरौली निवासिनी उषा देवी पत्नी मेवा लाल 65 आज सुबह दैनिक क्रिया के लिए निकली थीं। जैसे ही घर के बगल से होकर गुजर रही थीं तभी अचानक पक्की ईटों की दीवार जो मिट्टी के गारे से निर्मित थी भरभरा कर गिर गई, जिसमें वृद्धा दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल घाटमपुर ले गये लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। लेखपाल ने घटना स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया और परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।



बीएनएसडी इंटर कॉलेज में बैंड के साथ बच्चे। अमृत विचार

### स्काउट छात्रों ने बिना बर्तन के बनाया भोजन

**कानपुर।** बीएनएसडी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय सोपान कैंप का शनिवार को समापन हो गया। छात्रों की ओर से आखिरी दिन कैंप फायर में बिना बर्तन के भोजन बनाया और मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अमर सिंह चौहान ने स्काउट छात्रों को अच्छी प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्काउट कार्यक्रम का समापन किया। इसमें सुबह की पाली विभागाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल अध्यापक, शरद कुमार सिंह और स्काउट मास्टर राजीव शुक्ल, श्याम नारायन, उमेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, बालेंद्र सिंह, राम मनोहर, अमित सिंह राठौर, शशांक शुक्ला, सुनील मिश्रा, रंजीत सिंह रहे।

# मतदाता सूची में नाम बढ़वाएं कार्यकर्ता

बिल्हौर, संवाददाता

**अमृत विचार।** सपा की बिल्हौर विधानसभा की बैठक बलराम नगर कार्यालय में हुई। इसमें तय किया गया कि मतदाता सूची में नाम बढ़वाने के साथ ही गड़बड़ी भी रोकेंगे। केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में किया गया।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला। अमृत विचार

- **सपा जिला अध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष ने की मासिक बैठक, बोले मतदाता सूची में न होने दें गड़बड़ी**

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुनीन्द्र शुक्ला ने सपा के सेक्टर व जोनल अध्यक्ष व विधानसभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता से कहा कि मतदाता सूची का अवलोकन करें जिनकी नाम सूची में नहीं शामिल हैं या जो 18 साल के हो गए हैं उनका आवेदन ऑनलाइन कराएं। बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कार्यकर्ताओं व आम लोगों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया, जिसके जरिये ऐसे व्यक्ति जिनका मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है वह अपना आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो भेजकर वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। साथ ही विनय ने यह भी कहा कि आपसी मतभेद को भूलकर पार्टी के लिये काम करें। वहीं रचना सिंह गौतम ने कहा मेरे ऊपर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा किया, हमको चुनाव लड़ाया हम गरीब, किसान, मजदूर की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने जिलाध्यक्ष को आश्वासन दिया कि उनके नेतृत्व में जो समाजवादी पार्टी की नई टीम तैयार हुई है वह आज से ही मतदाता सूची में नाम जोड़वाने व पार्टी को जिताने के लिए जुट जायेगी। इस अवसर पर जिला महासचिव जीतेन्द्र कटियार, हरिओम पाण्डेय, पंकज यादव, अंशुमान यादव, शशिकांत पाल, ओम जी यादव, सुमित रहे।

## गवाही देने से किया मना, घर में लगाई आग

**कानपुर।** गवाही देने से मना करने पर न मानने पर युवक ने गवाह के घर में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। घटना से युवक के घर के बाहर खड़ी बाइक जलकर खाक हो गई।

बर्रा-6 निवासी राजन दुबे ने बताया कि उसके मित्र राजू गुप्ता की दुकान में अभिराज उर्फ सुमित जलेबी ने आग लगा दी थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। राजू ने अभिराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें वह गवाह था। राजन के मुताबिक मुकदमें में गवाह बनने के कारण अभिराज उनसे रंजिश रखता था और मुकदमें में गवाही वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता था। बताया कि बीते 26 सितंबर की रात करीब ढाई बजे अभिराज ने उनके घर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। घटना में उनके घर के बाहर खड़ी बाइक जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने बर्रा थाने में मुकदमा दर्ज कराया।


## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, कन्नौज

पंत्राकः C-621/जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/2024–25 दिनांक – 27.09.2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/50–1–2022–2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कन्नौज के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का ग्राम पंचायतवार / वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्तयों का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | रिक्त पद की आरक्षण श्रेणी | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु0 जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | ई0डब्लूएस0 |
| 01 | तालग्राम | 1 | 1 | 7 | 0 |
| 02 | ग्रामीण | 0 | 1 | 4 | 0 |
| 03 | छिबरामऊ | 5 | 1 | 4 | 1 |
| 04 | उमर्दा | 10 | 24 | 26 | 4 |
| 05 | हसेरन | 2 | 1 | 1 | 0 |
| 06 | जलालाबाद | 7 | 7 | 12 | 1 |
| 07 | गुगरापुर | 3 | 2 | 2 | 1 |
| 08 | सौरिख | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 09 | शहर | 2 | 1 | 0 | 3 |
| | योग | 30 | 42 | 56 | 10 |

**(नोटः– उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ़ सकती है।)**

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार / वार्डवार / परियोजनावार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु की गणना तिथि जुलाई 2024 निर्धारित की गयी है तथा उसे के अनुसार आयु की गणना की जायेगी।
5. विज्ञाप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.09.2024 से 17.10.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

**वरीयता**

1. उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला ।

2 विधवा महिला/तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की अन्य महिला।

**नोट :–**

1. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाणपत्र एवं परिवार पंजिका की नकल हीं मान्य होंगे।
2. तलाकशुदा/परित्यागता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगें।
3. आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का मान्य नही) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश कुमार वर्मा)
जिला कार्यकम अधिकारी
कन्नौज


**सम्मान** खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को किया पुरस्कृत, पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

# विज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, चौबेपुर

- **ब्लाक स्तरीय परीक्षा में बंसठी मालौं व विशुनपुर के बच्चे रहे अव्वल**
- **गोगूमऊ व दयालपुर विद्यालय के बच्चों ने भी दिखाई प्रतिभा**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शनिवार को बीआरसी चौबेपुर में ब्लॉक स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के अव्वल रहे बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2024 के तहत बीआरसी में आयोजित ब्लाक स्तरीय परीक्षा में क्षेत्र के 41 विद्यालयों के 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के प्रथम चरण में 25 बच्चों का चयन किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालय बसंठी के शिवा प्रथम, मालौं के लवकुश द्वितीय व यति विशुनपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। द्वितीय चरण में ग्रुप क्विज प्रतियोगिता में अब्दुल कलाम ग्रुप के पांच बच्चे दिव्यांशी, यश, दिव्यांशू, रोशनी व शिवा विजयी रहे। इसी तरह मॉडल प्रस्तुति हेतु शिवा, लवकुश व यति के अलावा सक्षम गोगूमऊ व आर्यन दयालपुर का चयन किया गया। प्रतियोगिता में ए आरपी टीम से इज़हार आलम सिद्दीकी, हेमंत कुमार, एकता निगम, रंणजय सिंह व संदीप त्रिपाठी ने टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए निष्पक्ष परिणाम घोषित कर लोगों का दिल जीता। वहीं संगीता श्रीवास्तव, सुरेश गौड़, अनुग्रह त्रिपाठी व विवेक पांडे का प्रतियोगिता में विशेष योगदान रहा। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुंवर पटेल द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्टेशनरी किट व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही प्रतियोगिता में अव्वल रहे 10 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर जनपद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं।

# नन्हें वैज्ञानिकों को विज्ञान किट देकर किया सम्मानित

बिल्हौर, संवाददाता

- **राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

**अमृत विचार।** आविष्कार अभियान के अन्तर्गत सभी विद्यालयों को बच्चों का विकास खंड ककवन के ब्लॉक संसाधन केंद्र में विकास खंड स्तरीय क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विकास खंड के 28 उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रति विद्यालय 3 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता तीन चरणों में सम्पन्न हुई। कुल 9 बच्चे विकास खंड स्तर से चयनित हुए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अवनीश कुमार, द्वितीय स्थान पर शांतनु एवं तृतीय स्थान पर बादल व चतुर्थ स्थान पर पावनी रहीं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व विजेताओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता ने प्रमाण पत्र के साथ विज्ञान किट उपहार स्वरूप प्रदान की। इस दौरान अनुराग पाण्डे, अशोक कुमार यादव, अरविन्द्र त्रिवेदी के साथ अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इसी तरह बिल्हौर ब्लाक में भी लगभग 174 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम आदित्य द्वितीय मोहम्मद साबिर तृतीय अदिति ,देव ,अंकुश ,नैना ,अंकेश आदि ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सभी को खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने मेडल पहनकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### पौधे उखाड़ने का विरोध करने पर जान लेने का प्रयास

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** अपने खेत में रोपे गए आम के पौधे उखाड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने जान से मारने की नियत से सब्बल लेकर किसान को दौड़ा लिया। किसी तरह जान बचा कर भागे किसान ने एसडीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है। बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कलवारी गांव निवासी नरेश ने एसडीएम नम्रता सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने एक पखवारा पूर्व अपने खेत के एक बीघा रकबे में 14 आम की पौध रोपित की थी। बीते शुक्रवार गांव के रामगुलाम अपने बेटे अरुण व भतीजे शिवकुमार के साथ उसके खेत पर आए और पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया। जानकारी पर वह खेत पहुंचा और फसल नष्ट करने का विरोध किया तो रामगुलाम के ललकारने पर उसके बेटे व भतीजे ने उसे जान से मारने की नियत से सब्बल लेकर दौड़ा लिया। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। उसने एसडीएम से दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### युवक ने जहरीला पदार्थ निगला, हालत गंभीर

**औरास।** थानाक्षेत्र के लोधई गांव निवासी धर्मपाल (24) प्रेम ने परिजनों द्वारा डांटे जाने से क्षुब्ध होकर शनिवार को घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पांच वर्ष से कार्यरत इकाइयों को किया जाएगा पुरस्कृत

**उन्नाव।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए वित्तीय वर्ष-2024-25 से बीते पांच वर्ष में स्थापित निरन्तर कार्यरत ऐसी इकाईयां जो सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं उनके उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है। कहा कि योजना में जो इकाईयां वित्तीय वर्ष-2024-25 से तीन वर्ष पूर्व में वित्तपोषित व स्थापित हुई हैं। ऐसी इकाईयां जो अब तक सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। वह दो अक्टूबर तक अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर दें। इस पुरस्कार योजना में उत्कृष्ट उत्पाद व ब्रिकी करने वाली इकाईयों में पुरस्कार लिए इकाई का चयन गठित कमेटी करेगी।

# पुलिस ने बदमाशों को घेरा, मुठभेड़ में 2 घायल

## 20 सितंबर को बैंक से पैसा निकालकर लौटते समय शातिर बदमाशों ने किसान से छीन ली थी नगदी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक सप्ताह पूर्व बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे किसान को रास्ते में बदमाशों ने लूट लिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। शनिवार भोर पहर गश्त के दौरान पुलिस का बदमाशों से आमना-सामना हो गया। इस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों के पैर में गोली लगी और एक मौके से भाग निकला। पूछताछ में बदमाशों ने लूट की घटना को स्वीकार किया है। पुलिस तीसरे साथी की तलाश कर रही है। घायल बदमाशों को सीएचसी बीघापुर में भर्ती कराया गया है। एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है।



मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार



मुठभेड़ में घायल दूसरे बदमाश को ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार



बीघापुर सीएचसी में मौजूद पुलिस। अमृत विचार

- **बीघापुर रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार सुबह शातिर बदमाशों से पुलिस की हुई मुठभेड़**

बता दें कि बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरहा निवासी रामप्रसाद बीती 20 सितंबर को इन्देमऊ स्थित बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर घर लौट रहा था। तभी बैंक से निकलते ही बदमाशों ने उनसे नकदी लूट ली थी। रामप्रसाद ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी और तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस घटना की जांच में जुटी थी। शनिवार भोरपहर पुलिस गश्त पर थी। तभी बीघापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाशों पर फायर किया। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लग गई। जबकि, एक बाइक लेकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने दोनों को बीघापुर अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में उन्होंने खुद को चंद्रकेश निवासी गांव तहगारी जमालपुर थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ व अमरेश निवासी गांव रधौली थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ बताया। घटना की जानकारी होने पर एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। एएसपी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हुई है। दो शातिर बदमाशों को पैर में गोली लगी है। जिनका इलाज चल रहा है। तीसरे फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अनुज एनकाउंटर में 15 तक दर्ज कराने होंगे बयान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **जिलाधिकारी द्वारा जांच मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने तय की समय सीमा**

**अमृत विचार।** एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में अचलगंज थानाक्षेत्र में मारे गए डकैत को लेकर उठे सवालों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने इसकी मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए थे। जांच अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट ने सार्वजनिक सूचना जारी कर 15 अक्टूबर तक घटना के संबंध में बयान दर्ज कराने की समय सीमा निर्धारित की है।



अनुज सिंह।

सुल्तानपुर जिला में भगत जी ज्वैलर्स में हुई डकैती में 1.35 करोड़ के जेवर लूटे गए थे। इसमें शामिल एक बदमाश अनुज प्रताप सिंह निवासी अमेठी को एसटीएफ के सीओ प्रमेश शुक्ला की अगुवाई में पुलिस टीम ने अचलगंज थानाक्षेत्र के बेथर-कोलुहागाढ़ा मार्ग पर बिहारी बाबा मंदिर के पास क्रॉस फायरिंग में ढेर कर दिया था। विपक्ष ने मुठभेड़ को प्रायोजित बता अनुज को पकड़कर मारने की बात कह पूरे घटनाक्रम पर सवाल उठाए थे। जिसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने पूरे मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश देते हुए इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को नियुक्त किया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुठभेड़ के संबंध में यदि किसी के पास कोई जानकारी या साक्ष्य है तो वह 15 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक उनके कार्यालय में आकर बयान दे सकता है। इसके लिए खुद या रजिस्टर्ड डाक के जरिए भी बयान दर्ज कराए जा सकते हैं।

# सड़क हादसों में टैंकर चालक की मौत, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एचपी प्लांट में कंटेनर खड़ा कर बाइक से घर लौट रहे चालक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं लखनऊ-कानपुर हाईवे के आजाद मार्ग चौराहा पर पर तेज रफ्तार कार रोडवेज बस से टकरा गई। इसमें कार सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया।

अंचलगंज थानाक्षेत्र के गांव सिंघाखेड़ा निवासी प्रमोद (35) चालक था। वह बीते आठ वर्षों से दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एचपी प्लांट में टैंकर चलाता था। शुक्रवार देररात खाली टैंकर प्लांट में खड़ा कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी दही थानाक्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे के बाईपास पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों को हादसे की खबर देने के साथ पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। उसकी मौत से पत्नी बबली के सामने तीन बच्चों लकी, रूपाली व अभय की परवरिश का संकट खड़ा हो गया है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

वहीं, लखनऊ के थाना काकोरी के मौदहा निवासी फैजान, शाहजी व कानपुर रोड निवासी विक्की राजपूत कार से लखनऊ से कानपुर जा रहे थे। तभी अचलगंज थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित आजाद मार्ग चौराहा पर कानपुर से रायबरेली जा रही रोडवेज बस से उनकी कार टकरा गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ने के साथ इसमें बैठे तीनों लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। बदरका चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजकर क्रेन से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे कराया। तब जाकर यातायात सुचारु हो सका।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से मां व दो बेटे घायल

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव कमलापुर निवासी मनोज कुमार की पत्नी गायत्री अपने बेटे राज व अंश के साथ ई-रिक्शा से शनिवार शाम बांगरमऊ आ रही थी। तभी कोतवाली क्षेत्र में माढ़ापुर मार्ग स्थित गांव चहलहा के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सड़क पर गिरकर तीनों मां-बेटे गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे मनोज ने घायल पत्नी व बेटों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# राजमिस्त्री का पेड़ पर लटका मिला शव

**पुरवा उन्नाव।** शराब पीकर घर लौटे राजमिस्त्री ने पत्नी से हुई कहासुनी के बाद घर कुछ दूर पेड़ पर लटक कर जान दे दी। तलाश में निकले परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी रज्जन लाल (40) राजमिस्त्री था। वह शराब का लती था। शुक्रवार रात वह शराब पीकर घर लौटा तो घर में पत्नी से उसकी कहासुनी हो गई। शनिवार सुबह चार बजे वह घर से बिना बताए निकल गया। काफी समय बाद भी न लौटने पर परिजन तलाश करने निकले। तभी घर से 30 मीटर दूर अपने खेत में लगे नीम के पेड़ में रस्सी के फंदे से रज्जन का शव लटका देख उनके होश उड़ गए। कस्बा इंचार्ज सियाराम चौरसिया ने मौके पर जांच की। एसएचओ राकेश गुप्ता ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाने की बात सामने आई है।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्वर्ण पदक से सम्मानित हुईं कंचन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को 39वां दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिले के मौरावां स्थित शांति नगर पारा के पं. लालता प्रसाद रामकृष्ण महाविद्यालय की एमए राजनीति विज्ञान की छात्रा कंचन बाजपेयी को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्वर्ण पदक, एमएम पांडेय स्वर्ण पदक व स्व. सुमित सांगल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।



मौरावां के पं. लालता प्रसाद रामकृष्ण महाविद्यालय की छात्रा को स्वर्ण पदक से सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

छात्रा कंचन बाजपेयई ने तीनों स्वर्ण पदक मिलने का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय परिवार को दिया। स्वर्ण पदक से सम्मानित करने वालों में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अभय जेरे वाइस चेयरमैन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद दिल्ली माननीय, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी राज्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

यह महाविद्यालय बीते 14 वर्षों से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के शिक्षा को निरंतर सुचार रूप से चलते रहने के लिए निरंतर नए आयाम की तरफ अग्रणी कदम बढ़ते रहे हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर कुलदीप शुक्ला ने बताया कि विद्यायल परिवार सभी छात्र छात्राओं के प्रति सजग है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उनको नए आयाम स्थापित करने की बात कही। बताया कि यह गौरव का क्षण है।

# तिरुपति मंदिर के प्रसाद में चर्बी मिलाने के मामले में सीबीआई जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा द्वारा आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर के प्रसाद में चर्बी पाये जाने के विरोध में डीएम की गैर मौजूदगी में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री से मांग की गई कि प्रसाद में मिलावट एक तरह से प्रसाद जेहाद है। घटना की सीबीआई जांच करायी जाये और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। घटना की निंदा करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि कुछ आराजकतत्व बार-बार हिन्दुओं की आस्था पर कुठाराघात कर हिंदुओं के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। जोभी हमारी आस्था, संस्कृति से खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध अखिल भारत हिंदू महासभा जन आंदोलन करेगी व पूरे देश में मुक़दमा दर्ज कराएगी।



प्रधानमन्त्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को देते हिंदू महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

इस दौरान प्रदेश से आये वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पीके सिंह गुरुजी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ किशोरी त्रिवेदी, जिला मंत्री महिला प्रकोष्ठ प्रीती सिंह, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट कमलेश दीक्षित, एडवोकेट शैलेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुशील चौधरी, महिला प्रकोष्ठ जिलामंत्री एडवोकेट प्रेमा देवी, एडवोकेट अजीत सिंह वर्मा, एडवोकेट रजनीश चंदेल, एडवोकेट सुनील चौधरी, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक रामप्रताप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सफीपुर एडवोकेट संदीप कुमार आदि रहे।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक ने बगल में स्थित ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की नियत से दरवाजा रख दिया है। ग्राम प्रधान ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर एसडीएम से कोल्ड स्टोर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली बांगरमऊ के गांव सिरधरपुर की प्रधान उमा देवी ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में कहा कि उसके गांव में स्थित कोल्ड स्टोर के मालिक द्वारा अपने रकबे से अधिक भूमि पर बाउंड्री वाल बनवा ली गई है। बगल में ग्राम समाज की भूमि है। इस भूमि को ग्राम पंचायत द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण के लिये चिन्हित किया जा चुका है। अवैध कब्जा करने की नियत से इस भूमि पर कोल्ड स्टोर मालिक तीसरा गेट लगवा रहा है।

# शहीद रज कलश यात्रा रवाना हुई लखनऊ

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** अमर शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर मैनपुरी से निकली शहीद रज कलश यात्रा शनिवार को बांगरमऊ पहुंची। यात्रा शहीद कैलाश यादव प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद काकोरी लखनऊ के लिए रवाना हो गई। राष्ट्रीय शहीद मेला चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में शहीद रज कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत बीते शुक्रवार मैनपुरी जिला स्थित शहीद जितेंद्र सिंह यादव स्मारक से की गई थी। यात्रा 1 दर्जन शहीद स्मारक स्थलों पर श्रद्धांजलि देते हुए शनिवार को बांगरमऊ के गांव सुल्तानपुर पहुंची। जहां शहीद कैलाश कुमार यादव के स्मारक स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए गए। इसके बाद यात्रा काकोरी लखनऊ रवाना हो गई। इसमें शामिल धर्मेंद्र अज्ञानी, गुरु बक्स, अखिलेश, प्रवीण यादव व राहुल यादव ने शहीद कैलाश की पत्नी किरन, पुत्र तेजस, भाई अवधेश, गिरिजेश व विनय आदि परिजनों से भंट की।



शहीद कैलाश यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते धर्मेंद्र अज्ञानी।

**हाल-ए-एआरटीओ** लोगों ने लगाया आरोप, सुविधा शुल्क पहुंचने के चलते विभागीय अधिकारी भी नहीं करते कार्रवाई

# एआरटीओ के बाहर दुकानों से चलता है बाहरियों का गोरखधंधा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एआरटीओ कार्यालय के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार व उगाही करने के लगने वाले आरोपों की जड़ें विभाग के साथ ही परिसर के बाहर स्थित मार्केट में बनी दुकानों तक फैली हुई हैं। जहां बैठकर बाहरी लोग आवेदकों व अपने अन्य काम कराने आने वालों को रोककर अपने जाल में फंसाते हैं और उनसे एक-एक काम के लिये हजारों की वसूली करते हैं। उनके इस गोरखधंधे पर लगाम कसने के लिये विभाग के अधिकारी भी सख्त नहीं होते हैं क्योंकि उनके पास तक बाकायदे सुविधा शुल्क पहुंचता रहता है।



एआरटीओ कार्यालय के बाहर मार्केट में बनी दुकानों में बाहरियों की चहलकदमी। अमृत विचार

बता दें कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय के बाहर लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों से ज्यादा बाहरियों का जमावड़ा रहता हैं। कार्यालय गेट पर फोटो कॉपी करने के नाम पर विभाग के बिना परमीशन के कई दुकानें खुली हुई हैं। इन्हीं दुकानों पर बैठे बाहरी कार्यालय आने वाले आवेदकों को बरगलाकर उनका काम अपने हाथों में ले लेते हैं। इसके बाद मनमानी रकम आवेदकों से वसूलते हैं। कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी काम न होने पर आवेदक भी सरकारी सिस्टम के चलते इन लोगों से अपना काम करवाने को राजी हो जाते हैं। इसके बाद कई गुना अधिक रकम अदा करने के बाद उनका काम समय से हो जाता है। सूत्र बताते हैं कि लाइसेंस छोड़कर सभी काम कार्यालय में पीछे की खिड़की से किये जा रहे हैं। लेकिन, विंडो तक पहुंचने में बाहरी अड़चन बनते हैं। वहीं, आवेदक का काम जल्दी कराने आश्वासन भी देते हैं। परेशानी से बचने के लिये लोग मनमानी रकम देने को तैयार हो जाते हैं।

### आवेदकों को देखते ही पहचान लेते हैं बाहरी

कार्यालय के गेट के आसपास व दुकानों पर बैठे बाहरी आवेदकों के आते ही उन्हें पहचान लेते हैं और उन्हें सरकारी सिस्टम की समस्या बताकर बरगला लेते हैं। जिससे 300 फीस में बनने वाले लर्निंग लाइसेंस के लिये 1200 से 1500 रुपये और 750 रुपये में बनने वाले स्थाई लाइसेंस का 2500 से 3000 रुपये तक वसूल लेते हैं।

### बोले जिम्मेदार

एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि कार्यालय के बाहर खुली दुकानों और वहां बैठने वाले बाहरियों को लेकर समय-समय पर जिला प्रशासन व पुलिस से शिकायत की जाती है। कार्रवाई भी की जाती है। अब फिर से जांच कर दुकानों पर शिकंजा कसा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टिकैतनगर, बाराबंकी (स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0)**
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराबकी कि निस्तृयोग्य सामग्री की निलामी दिनांक 03/10/24 प्राता 11रू30 की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समम पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले ।
स्वास्थ विभाग बाराबंकी

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2167753 व इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1280522 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र कहीं वास्तव में खो गया है। **वैभव कुमार पांडेय पुत्र दिनेश कुमार पांडेय निवासी मालवीय नगर जनपद –गोंडा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रोनन बटव्याल पुत्र बिरेन्द्र नाथ बटव्याल, निवासी– 559/खा–417, न्यू श्री नगर, नजदीक सेंट ऐन्स डे स्कूल, चंदर नगर, आलमबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226005** मेरे पौत्र का नाम आदित्य बटव्याल (Aditya Batabyal) था किन्तु ज्योतिषीय सलाह से नाम बदलकर शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) हो गया है। जो कि मेरे पौत्र के आधार कार्ड में दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे पौत्र को उसके वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा तथा जहां कहीं भी आदित्य बटब्याल (Aditya Batabyal) दर्ज है उसके स्थान पर वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) लिखा, पढा जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अनुक्रमांक 2120984 , वर्ष 2011, एवं इण्टरमीडियट अनुक्रमांक 1549516 , वर्ष 2013का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रियंका पुत्री दर्शन, निवासी ग्राम व पोस्ट कूम्ही, कादीपुर, सुल्तानपुर।, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक 30/09/2024 दिन सोमवार को साय 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा ब्लाक दरियाबाद तहसील राम सनेही घाट जनपद बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है। **मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752**

**सूचना**

मेरे पुत्र सौरभ कुमार राव के स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम संतलाल राव (Santlal Rao) व माता का नाम सुनीता राव (Sunita Rao) अंकित हो गया है। सही नाम पिता का नाम संतलाल राम (Santlal Ram) व माता का नाम सुनीता राव (Suneeta Rav) अंकित किया जाय। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **–संतलाल राम पुत्र राम समुझ, निवासी टाइप 2 क्वाटर नं0 694, जी0सी0, सी0आर0पी0एफ0 बिजनौर, लखनऊ**

**सूचना**

मैं राम बाबू पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी निवासी वार्ड नं 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा का निवासी हूं यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में राम बाबू उर्फ कौशल किशोर अंकित है जबकि मेरा सही नाम राम बाबू ही है। राम बाबू और कौशल किशोर दोनो नाम मेरा ही है अब मुझे राम बाबू के नाम से ही जाना जाय। **राम बाबू पुत्र पन्ना लाल निवासी वार्ड न 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती शुभावती शुक्ला, पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला, स्थायी निवासिनी ग्राम–ठिहौरा, मजरा बौना भारी, विकास खण्ड व तहसील सिधौली, थाना अटरिया, जिला सीतापुर, हाल निवासिनी–मकानं–537भ/309, भरत नगर, थाना–मडियाँव, तहसील व जिला लखनऊ,** मेरा सही एवं वास्तविक नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला (SUBHAVATI SHUKLA) पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला है। मेरे पहचान पत्रों व सरकारी कागजातों में जहाँ–जहाँ मेरा नाम सोभावती, सोभावती शुक्ला या सोभारानी, सोभारानी शुक्ला दर्ज पाया जाय, वहाँ–वहां मेरा सही नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला, पढ़ा, जाना व समझा जाय।

# जिलाधिकारी कार्यालय में किया आत्मदाह का प्रयास

## युवक लोन कंपनी के अधिकारियों द्वारा परेशान किये जाने से आजिज था

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



जिलाधिकारी कार्यालय में आत्मदाह करने आये युवक को समझाते सिटी मजिस्ट्रेट।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर निवासी युवक हॉउस लोन की क़िस्त जमा करने के बाद भी लोन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जबरन परेशान किये जाने से त्रस्त होकर एडीएम कोर्ट में न्याय की मांग की थी। एडीएम कोर्ट में पांच वर्ष से मुकदमा चल रहा है। लेकिन न्याय न मिलने से परेशान युवक ने शनिवार दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह का प्रयास किया। जिस पर कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों ने उससे पकड़ लिया और नगर मजिस्ट्रेट ने युवक की समस्या सुनकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

बता दें कि पूरन नगर निवासी विमलेश शुक्ला ने मकान खरीदने के लिए 9.62 लाख रुपये का लोन लिया था। जिसकी महीने की क़िस्त 15 हजार रुपये थी। वहीं युवक द्वारा क़िस्त जमा करने के बाद भी सब्सिडी नहीं दी गई। सब्सिडी दिलाने का दिलासा देकर कंपनी अधिकारी छह किस्तें देने तक बराबर टालते रहे। वहीं सब्सिडी न देने के साथ ही क़िस्त की रकम भी बढ़ा दी गई। परेशान युवक ने इसकी शिकायत बैंक अफसरों से की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि साथ ही लोन कंपनी के दाताओं ने यह भी कहा कि योगी-मोदी किसी के पास चले जाओ तुम्हें तुम्हारे घर में रहने नहीं देंगे और उसके घर में ताला डाल देंगे।

पीड़ित ने कंपनी कर्मियों पर पत्नी से मारपीट करने का भी आरोप लगाया। वहीं, इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने की भी बात कही। न्याय न मिलने से परेशान युवक एडीएम कोर्ट पहुंचा जहां करीब पांच वर्षों से एडीएम कोर्ट के युवक न्याय के लिए चक्कर लगा रहा था। न्याय न मिलने से निराश युवक शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और खुद को आग लगाने का प्रयास करने लगा। कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे आत्मदाह करने से रोक लिया। सूचना पर कार्यालय में मौजूद नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज मौके पर पहुंचे और उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिया और मामले की जांच करने की बात कही। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि एक महिला और पुरुष ने कार्यालय के बाहर आत्मदाह की कोशिश की है। संज्ञान में आया है कि बैंक द्वारा उनसे धोखाधड़ी की जा रही है। इस मामले में 7 अगस्त 2024 को सदर कोतवाली में एक एफआईआर पहले ही दर्ज हो चुकी है। जिसकी विवेचना चल रही है। कहा कि यह देखा जाएगा कि इनको किस प्रकार से निःशुल्क विधिक सहायता देकर उनके आय के अनुसार किस्तें बंधवाकर मदद कराई जायेगी। मामले की जांच के लिए टीम बना दी गई है।

## सांड से टकराकर जीजा-साली घायल

**शुक्लागंज।** कानपुर नबावगंज बैराज निवासी एक युवक अपनी साली को बाइक में बैठाकर आजाद मार्ग होते हुये घर जा रहा था, तभी अचानक बाइक के सामने सांड आ गया। जिससे टकराकर दोनों सड़क पर जा गिरा और घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नबावगंज बैराज निवासी दीपक कुमार लखनऊ स्थित अपनी ससुराल गये थे, जहां शनिवार को वह साली सुनैना के साथ बाइक से लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे आजाद मार्ग स्थित कटहा दलनारायनपुर गांव के सामने पहुंचे, तभी बाइक के सामने सांड आ गया। जिससे टकरा कर दोनों सड़क पर जा गिरे। लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# समाधान दिवसः दूर नहीं हुई 19 फरियादियों की समस्या

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव





समाधान दिवस में फरियाद सुनते तहसीलदार। थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्या सुनते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर 19 फरियादी पहुंचे। इस दौरान तहसीलदार सदर अविनाश चौधरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस समाधान दिवस में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायीं, जिनमें 17 मामले राजस्व से और 2 मामले पुलिस से संबंधित थे। हालांकि, आशा थी कि समाधान दिवस में समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा, लेकिन मौके पर किसी भी मामले का समाधान नहीं हो सका। इससे फरियादियों में निराशा देखने को मिली। लोगों ने बताया कि उनकी समस्याएं गंभीर हैं, और उन्हें उचित समाधान की उम्मीद थी। समाधान दिवस का यह आयोजन सरकारी प्रयासों की एक कड़ी है, लेकिन जब समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता, तो इससे लोगों का विश्वास कमजोर होता है।

### एसपी ने समाधान दिवस में आई समस्याएं जल्द निस्तारण के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर ने थाना समाधान दिवस पर माखी थाने में फरियादियों की समस्याओं को सुना। बारिश के चलते फरियादियों की संख्या कम रही। शनिवार को आए प्रार्थनापत्रों में अधिकांश राजस्व से संबंधित रहे। इस पर उन्होंने राजस्व टीम के साथ मिलकर इनके निस्तारण के आदेश दिए। इसके बाद एसपी ने थाने का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को निस्तारण व अभिलेखों की पड़ताल करने के साथ एसओ, दरोगाओं व पुलिस कर्मियों को आगामी त्योहारों को देखते हुए चौकसी बरतने के आदेश दिए। साथ ही हिदायत दी कि किसी प्रकार की नई परम्परा न शुरू होने पाए।

# 8 घंटे गुल रही 12 सौ घरों की बिजली, लोग परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर के पश्चिमी क्षेत्र में बिजली विभाग ने जर्जर तारों को हटाकर एबीसी केबल डालने का कार्य किया, जिसके कारण करीब 12 सौ घरों की बिजली 8 घंटे के लिए बंद रही।

ऋषि नगर क्षेत्र की दो गलियों में काम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5.30 बजे तक जारी रहा। कार्यदायी संस्था ने 630 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों की सप्लाई बंद कर दी। जिससे हजारों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में बिजली फॉल्ट के कारण आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली कटने से पानी और अन्य आवश्यक सेवाओं में परेशानी हुई। विभाग ने बताया कि यह काम सुरक्षा के दृष्टि से किया गया है और भविष्य में बेहतर सेवा के लिए यह आवश्यक था।

# महिला की मौत, डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता औरास उन्नाव



रूपा।

**अमृत विचार।** महिला के पेट में दर्द होने से परिजन उसे सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार क़र उसका अल्ट्रासॉउन्ड कराकर दिखाने को कहा। इसके बादपरिजनों ने उसे चरक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है।बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के गांव रजना खेड़ा के मजरा नन्दौली निवासी रूपा (54) पत्नी सीताराम के पेट में अचानक दर्द उठा। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसका अल्ट्रासॉउन्ड कराकर दिखाने को कहा। जिसके बाद परिजन उसे लखनऊ के दुबग्गा स्थित चरक हॉस्पिटल ले गए और भर्ती करा दिया। रूपा के बेटे आईटीपी के जवान संजय ने बताया कि कि मां को हार्निया के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया था। जहां उनकी ऑपरेशन के दौरान टेबल पर हालत बिगड़ी और मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाक़र हंगामा शुरू क़र दिया। संजय का आरोप है कि चिकित्सकों ने सीटी स्कैन व अल्ट्रासाउंड तक नहीं कराया। जिससे आपरेशन के दौरान लापरवाही के चलते ओटी टेबल पर मां की हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। शनिवार को शव गांव आने पर मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। उसके चार बेटे और एक बेटी हैं।

# राज्य निधि से मिलेगी दिव्यांगजनों को सहायता

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजन के हितार्थ राज्य निधि मद से वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में चार प्रकार का प्रावधान है। इसकी जानकारी प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि जिले के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु ऐसे दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर व साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो। उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने व खेल आयोजन हेतु और दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैंक मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण खरीदने की सहायता देगा। वह दिव्यांगजन जो गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, थैलिसिमिया, प्लास्टिक, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित न हों उनकी चिकित्सा हेतु व दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित पहलुओं पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता दी जायेगी।

## बैराज मार्ग और नवीन पुल पर जाम लगने से लोग परेशान

**शुक्लागंज।** शनिवार दोपहर बैराज मार्ग पर सरैयां रेलवे क्रॉसिंग के क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण वाहनों का जाम लगा रहा। यह समस्या तब बढ़ गई जब दोपहर करीब ढाई बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण क्रॉसिंग कुछ समय के लिए बंद हो गई। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और वाहन सवार एक घंटे तक जाम में फंसे रहे। जाम में कानपुर, उन्नाव और लखनऊ के वीआईपी भी फंसे रहे, जिससे उनके कार्यक्रम प्रभावित हुए। बारिश के कारण वाहन सवार भीगते रहे, जिससे स्थिति और कठिन हो गई। इसके अलावा, नवीन पुल पर भी सुबह और शाम के समय पीक ऑवर में जाम की स्थिति बनी रही।

# त्योहारों को लेकर अफसरों ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांधी जयंती, दुर्गा पूजा व दशहरा समेत विभिन्न त्योहारों व आयोजन को लेकर शनिवार को विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। इसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी ने धर्मगुरुओं, आयोजन प्रभारियों व संभ्रांत नागरिकों से विभिन्न आयोजन, दुर्गा पूजा, रामलीला, रावण दहन, नवरात्रि मेले व विजय दशमी जुलूस मेले आदि पर पेयजल आपूर्ति, विद्युत सप्लाई, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलभराव, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा व्यवस्था, सड़क मरम्मत आदि समस्याओं की सुनवाई की।

जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि समस्याओं को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं धर्म गुरुओं से जानकारी लेते हुए सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध अधिकारियो को सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। जिन जगहों पर मार्ग क्षतिग्रस्त हैं वहां मरम्मत हो। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी के भी धार्मिक भावनाओं को भड़काने, अफवाह या दुष्प्रचार करने का प्रयास किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई नई परम्परा आरंभ न की जाए। सीओ व थानाध्यक्षों से कहा कि सभी पूजा पांडालों का आयोजन खुले स्थान व सुरक्षित वातावरण में कराया जाए। सीसीटीवी की निगरानी में बड़े पंडाल का आयोजन किया जाए। एडीएम वित्त नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### राज्य पोषित पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिये 15 से आवेदन

**उन्नाव।** राज्य पोषित पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना के तहत अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिये शासन ने 15 से 25 अक्तूबर तक की तिथि निर्धारित की है। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रों की भी समय सारिणी घोषित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं की राज्य पोषित छात्रवृत्ति की समय सारिणी निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थान का मास्टर डाटा सभी स्तर से सत्यापित एवं लाक होने के उपरांत ही शिक्षण संस्था में अध्यनरत किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति एवं शुल्क पूर्ति का भुगतान संभव नहीं हो सकेगा।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**औरास।** थानाक्षेत्र के बहादुरपुर खझड़ी गांव निवासी कन्हैया (40), मुन्नूलाल (25) व गया प्रसाद (41) बाइक से इनायतपुर से वापस अपने गांव जा रहे थे। तभी औरास-संडीला मार्ग पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार खंती में गिरकर घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लाया गया।

### जहरीले कीड़े के काटने से वृद्ध किसान की हुई मौत

**औरास उन्नाव।** खेत में घास काटने गए वृद्ध किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव गांव निवासी रामसनेही (75) पुत्र स्व. लल्लू खेती के साथ मवेशी पाले थे। मवेशियों के लिए खेत से शनिवार को घास काटने गए थे। तभी उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ती देख उन्हें पास के खेत में काम कर रहे मजदूरों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले चकलवंशी कस्बा के पास उनकी मौत हो गई। पिता की मौत से बेटे राजेश, दिनेश व बउआ बेहाल हैं।

### दलदल में फंसा सांड़, फायर ब्रिगेड ने बचाई जान

**शुक्लागंज उन्नाव।** ऋषि नगर के पास एक सांड़ दलदल में फंस गया था। जलभराव के कारण सांड उसी में छटपटाता रहा, लेकिन बाहर नहीं निकल सका। क्षेत्रीय लोगों ने उन्नाव अग्निशमन विभाग को जानकारी दी ।दमकल अधिकारी शिवराम सिंह यादव की टीम मौके पर पहुंची और सांड़ को बचाने के लिए प्रयास शुरू किए। उन्होंने सांड के पीछे पैरों और पीठ से उसे बांधकर जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। वहीं पालिका कर्मियों ने भी सांड को बाहर निकलवाने मे मदद की। इसके बाद गौवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग के प्रयासों की सराहना की।

### कन्या सुमंगला योजना की राशि बढ़ी, अब मिलेंगे 25 हजार

**उन्नाव।** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटियों को दी जाने वाली धनराशि को 15 से बढ़ाकर अब 25 हजार रुपये कर दिया है। छह श्रेणियों में इसे अलग-अलग धनराशि के हिसाब से निर्धारित किया गया है। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की यह योजना बेहतर है। जिसका लाभ सभी लोग ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकत्री या किसी भी जनसेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। **यह होनी चाहिए पात्रता** :जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमा नाथ राय ने बताया कि योजना का लाभार्थी बनने के लिए परिवार को उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम रुपये तीन लाख हो। किसी परिवार की अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। लाभार्थी के परिवार का आकार परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों। किसी महिला को द्वितीय प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रूप में लड़की को भी अनुमन्य होगा। यदि किसी महिला को पहले प्रसव से बालिका है व द्वितीय प्रसव से दो जुड़वा बालिकाएं ही होती हैं तो केवल ऐसी अवस्था में ही तीनों बालिकाओं को लाभ अनुमन्य होगा। यदि किसी परिवार ने अनाथ बालिका को गोद लिया हो तो परिवार की जैविक संतानों व विधिक रूप में गोद ली गई संतानों को सम्मिलित करते हुए अधिकतम दो बालिकाएं लाभार्थी होगी। लाभ लेने को नागरिक सेवा पोर्टल पर या आंगनबाड़ी केंद्र अथवा जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। यह धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगी।

### शिवशंकर स्वयं सहायता समूह को मिला निरस्त चल रहा कोटा

**औरास उन्नाव।** कई माह से निरस्त चल रही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को ब्लॉक के चयन कर्ताओं द्वारा खुली बैठक कर शिवशंकर स्वयं सहायता समूह को विजेता घोषित किया गया। जिससे समूह के चहेतों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। चुनाव में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि औरास ब्लॉक क्षेत्र के मीठेपुर गांव में कई माह से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान निरस्त चल रही थी। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर एडीयो पंचायत शिव शंकर सिंह व ग्राम विकास अधिकारी आशीष यादव की उपस्थिति में खुली बैठक आयोजित हुई। जिसमें दो स्वयं सहायता समूह चुनाव की प्रक्रिया में शामिल हुए। ग्रामीणों द्वारा खुली बैठक में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह को कोटा चयन में 149 मत मिले। जिसमें पुरुषों के 83 और महिलाओं के 66 वोट थे। वहीं, शिव शंकर स्वयं सहायता समूह को 155 वोट मिले। जिसमें पुरुषों के 92 और महिलाओं के 63 वोट थे। इसके बाद विजेता समूह की घोषणा एडीयो पंचायत द्वारा की गई। शिव शंकर स्वयं सहायता समूह के चहेतों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके साथ कई माह से निरस्त चल रहे कोटे का चयन भी संपन्न हो गया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। जिससे बिना किसी गड़बड़ी के शांतिपूर्ण ढंग से कोटा का चुनाव संपन्न हो गया।

# मां की भव्य प्रतिमाएं बना रहे मूर्तिकार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



मां की मूर्ति को भव्य रूप देता मूर्तिकार।

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि पर पंडालों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है, इसके साथ ही जगह-जगह जागरण का आयोजन होता है। जागरण के बाद मां की प्रतिमाओं की विसर्जन किया जाता है।
जिसे देखते हुये नगर के अलावा आस पास के जिलों में रहने वाले भक्तों ने मां की प्रतिमाओं के आर्डर अभी से दे दिये हैं। जिस पर आजाद मार्ग बाबा कुटी निवासी मूर्तिकार मां की मूर्तियां तैयार कर रंग रोगन का कार्य तेजी से कर रहा है। 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। जिसको लेकर नगर में जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं नगर में शारदीय नवरात्रि पर जगह-जगह जागरण का आयोजन किया जाता है। जहां भक्त माता की प्रतिमाओं की स्थापना कराते हैं। जिसे देखते हुये बाबा कुटी निवासी बंगाली मूर्तिकार समीर पॉल ने बताया कि इस नवरात्रि में मूर्तियों की मांग अधिक बढ़ी है। नगर के अलावा कानपुर, उन्नाव, कन्नौज व आस पास क्षेत्रों में रहने वाले भक्त मूर्तियां ले जाने के लिये आते हैं। नवरात्रि को देखते हुये मूर्तियों का गढ़ने का काम तेजी से किया जा रहा है। भव्य और अलौकिक मूर्तियों के लिये विशेष रंगों से रंग रोगन करने के साथ ही चुनर से सजाई जा रही हैं। छोटी मूर्ति से लेकर बड़ी मूर्तियां बनाई गई है। मां की प्रतिमा दो हजार से बीस हजार की कीमत है। कपड़े और सजावट का सामान महंगा होने के कारण मूर्तियों के दाम में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ोत्तरी भी हुई है।

## फ्राड कर खाते से पार की गई धनराशि कराई वापस

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन गांव निवासी सुनील पुत्र छेदीलाल से साइबर ठगों ने 24 मार्च-2024 को गूगल-पे के माध्यम से उसके खाते से 20 हजार रुपये पार कर दिये थे। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर इसकी जानकारी दी थी। सदर कोतवाली की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए पूरी रकम पीड़ित के खाते में रिफंड कराई। इसमें इंस्पेक्टर क्राइम राजेश यादव व साइबर सेल टीम की अहम भूमिका रही।



कार्यक्रम के दौरान विधायक को प्रतीक चिन्ह देते संचालक। अमृत विचार

### स्किल इंडिया में 250 प्रशिक्षितों को विधायक ने बांटे प्रमाणपत्र

**शुक्लागंज।** शनिवार को कौशल विकास मिशन के तहत स्किल इंडिया प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले 250 प्रशिक्षितों को विधायक पंकज गुप्ता ने प्रमाणपत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम स्थानीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित हुआ, जहां विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सुरेश चन्द्र शुक्ला ने बताया कि इसमें 71 प्रशिक्षित कढ़ाई बुनाई, 36 लेदर कटाई, 36 सिलाई और 116 सैम्पलिंग टेलर शामिल थे। विधायक गुप्ता ने युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए सरकार की योजनाओं की सराहना की और उन्हें अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीष जायसवाल, विकास मिश्रा, राजेश गुप्ता, ज्ञान शंकर, पंकज पटेल, कल्पना तिवारी, नाजरीन, अलशिफा और स्नेहा जैसे कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**न्याय की मांग** — एसडीएम व सीओ से की शिकायत, व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने न्याय न मिलने पर विद्युत कनेक्शन कटवाने की बात कही

# विद्युत विभाग के जेई के विरोध में उतरा व्यापार मंडल

फतेहपुर चौरासी उन्नाव



एसडीएम व सीओ से बात करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा फतेहपुर चौरासी स्थित अयोध्या प्रसाद महाविद्यालय में बीते शुक्रवार दोपहर जेई की अगुआई में सात सदस्यीय विद्युत कर्मियों की टीम जांच करने गई थी। जहां टीम में शामिल कर्मियों ने विद्यालय में अधिक लोड होने की बात कहकर हंगामा शुरू कर दिया था। जिसे देख विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्रों एवं शिक्षकों में अफरातफरी मच गई थी।

विद्यालय प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वह विद्यालय पहुंचे तो विद्युत कर्मियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विद्युत कनेक्शन काटने की धमकी दी। उन्होंने टीम से कहा कि विद्यालय में सोलर सिस्टम लगा है और विद्यालय में लोड से अधिक पावर का कनेक्शन लिया गया है। इसके बाद भी जेई ने विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी और सुविधा शुल्क के नाम पर 50 हजार की मांग की। इस पर प्रबंधक ने टीम द्वारा स्कूल में हंगामा करने, धमकी देने व सुविधा शुल्क मांगने का प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया। जिस पर पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं, प्रबंधक द्वारा शिकायत करने की भनक लगते ही विद्युत विभाग कि टीम ने उच्चाधिकारियों के सहयोग से थाना में प्रबंधक व उसके बेटे पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकाने व बिजली चोरी करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज करा दी।

विभाग द्वारा प्रबंधक पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने व पुलिस द्वारा जांच में शिथिलता बरतने से आहत स्थानीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अमित मिश्रा की अगुवाई में तहरीर देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को थाना में चल रहे समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम सफीपुर व सीओ सफीपुर माया राय को व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने बताया कि जेई द्वारा पूर्व में भी सफीपुर क्षेत्र में इसी तरह का अभियान चलाया गया था तथा उपभोक्ताओं से सुविधा शुल्क न मिलने पर उपभोक्ताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसे लेकर जेई पर विभागीय कार्रवाई भी हो चुकी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने न्याय न मिलने पर अपने विद्युत कनेक्शन कटवाने की बात कही है।

सीओ माया राय ने व्यापार मंडल के पदाधिकारी को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता, संजय द्विवेदी, लखन दीक्षित, संजय वर्मा, हर्ष वर्मा, बबलू गुप्ता, काका गुप्ता, अवनीश, राजेंद्र राठौर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नवाबगंज।** विकासखंड कार्यालय सभागार में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत किसान मेला व गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक बृजेश रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने भाग लिया। गोष्ठी में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिये स्टाल लगाये गये। गोष्ठी में विधायक ब्रजेश रावत ने किसानों को मोटे अनाज की खेती करने को प्रेरित किया। कृषि विभाग द्वारा संचालित पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप पर अनुदान व कृषक अंश की जानकारी दी। पशु चिकित्साधिकारी राजेश मौर्या ने पशुपालन संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया।

# स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित हैं"। याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत है"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

# समाज में स्त्री की स्वतंत्रता

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।



डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

# लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

# स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

# संगीत लोकवार्ता

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# आस्तिकता और नास्तिकता



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, ज़ेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

# बैंक की एफडी में निवेश का समय

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

## एक नजर

### किशोरी को ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम वह खेत पर गया था। उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। इस दौरान गांव का ही छोटू उसे ले गया। जब उसने छोटू से फोन पर बात की तो वह गालीगलौज करते हुए धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**संदलपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के लडुवापुर गांव के पूरन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई अर्जुन सिंह (28) बीती 26 सितंबर की शाम घर से खेतों की तरफ जाने के लिए कहकर निकला था। जिसके बाद उसका शव रामसेवक निवासी नंदपुर थाना डेरापुर के खेत की मेड़ पर खड़े नीम से सामान बांधने वाली रबर के सहारे फंदे पर लटका मिला।

### आज इटावा सांसद सिकंदरा क्षेत्र में आएंगे

**सिकंदरा।** इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र दोहरे आज सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव पीडीए जागरूकता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव राजकुमार गौतम ने दी है।

# पिकअप से टकराकर बाइक सवार की मौत, 2 हुए घायल

## रिश्तेदारी में जाते समय तिंगाई गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, रूरा



आयुष।



युवक की मौत पर गमगीन परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अकबरपुर-रूरा रोड पर दूध लदी पिकअप से टकराकर बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। सभी को अस्पताल भेजा गया, जहां पर एक युवक की मौत हो गई।

कानपुर नगर के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा निवासी सार्थक शनिवार की सुबह अपने दोस्त आयुष उर्फ कृष्णा (18) को लेकर अपने जीजा आदर्श के साथ उनके गांव माचा जा रहा था। तभी रूरा थाना क्षेत्र के तिंगाईं गांव के पास बनी मजार के पास सामने से आ रहे कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अकबरपुर की तरफ से आ रही दूध लदी पिकअप की चपेट में आ गए, जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें रूरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आयुष को अन्य अस्पताल में इलाज की सलाह दी गई। जिसपर परिजन उसे कानपुर हैलट अस्पताल ले गए, जहां उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी पर मृतक की मां पूनम, पिता नीरज, बहन खुशी, शुभी समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। रूरा थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पिकअप का पता लगाया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रमाणपत्र के साथ अव्वल छात्र। अमृत विचार



बच्चे को पुरस्कृत करते बीईओ शैलेश द्विवेदी। अमृत विचार

# विज्ञान प्रतियोगिता में परिषदीय बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, संदलपुर

- संदलपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड संदलपुर में ब्लॉक स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछियापुर संदलपुर में आयोजित की गई।

शनिवार को बीईओ अशोक कुमार सिंह एवं एसआरजी अनंत त्रिवेदी की उपस्थिति में सुबह 10:30 बजे से प्रश्न पत्र वितरण किया गया। 25 प्रश्नों को हल करने के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित किया गया। बीईओ ने बताया कि पिछले शनिवार को विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे कक्षा 6, 7 एवं 8 के 182 बच्चों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परिषदीय बच्चों में नन्हे वैज्ञानिक तलाशने का कार्य किया जा रहा है। नोडल एआरपी मोहम्मद शमी ने लिखित परीक्षा में टॉप 25 बच्चों से पांच-पांच बच्चों का ग्रुप बनाकर द्वितीय चरण की प्रतियोगिता कराई। शाम को परिणाम घोषित करते हुए एआरपी गौरव सिंह राजपूत ने जनपद स्तर पर क्विज़ प्रतियोगिता के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय अंतापुर के अंशु बाबू, जेपी सिंघानिया हरपुरा की सुप्रिया पाल, कसोलर के आजाद व अकना के आयुश का नाम घोषित किया। विजेता बच्चों को बीईओ व अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान सर्वेश प्रजापति, दीपक कटियार, उपेंद्र कटियार, रामकुमार कटियार, विजय राठौर, जितेंद्र कुमार पांडेय, अमित द्विवेदी, अवनीश शुक्ल, प्रिया तिवारी, सुदीक्षा पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### नन्हें वैज्ञानिकों ने जीते पुरस्कार

**मंगलपुर।** झींझक के रामा देवी डिग्री कालेज में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीईओ शैलेश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विज्ञान क्विज के बाद टॉप 25 छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदीप कटियार, मंजीत गौतम, उमेश बाबू, सुमित कुमार, विकास त्रिपाठी, विकास सिंघल, अमर सिंह पाल, बलराम, प्रवेश, अर्चना देवी, अंजना आदि मौजूद रहे।

# मूसानगर में 1.65 करोड़ की लागत से बनेगी कान्हा गौशाला

संवाददाता मूसानगर



नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद अध्यक्ष पूजा निषाद व सभासद। अमृत विचार

- निकाय बोर्ड की बैठक में 7 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हुए पास

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मूसानगर बोर्ड की बैठक में करीब 7 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

शनिवार को नगर निकाय बोर्ड की कार्रवाई अध्यक्ष पूजा निषाद की अध्यक्षता में शुरू की गई। इस दौरान वार्डों की जिन गलियों में विद्युत पोल नहीं है। वहां विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था कराने की बात कही गई। अधिशासी अधिकारी संजय कुमार पटेल ने बताया कि वार्ड नंबर दस बालाजी धाम के रिमाइन देवी मंदिर के पीछे 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिन गलियों में विद्युत पोल नहीं लगे हैं। वहां विद्युत पोल लगवा कर प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की डीपीआर भी तैयार कर भेजी जा रही है। वहीं गजनेर रोड स्थित वाहन पार्किंग स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। पेयजल की समस्या के निदान के लिए हैंडपंपों को रिबोर कराने का प्रस्ताव पास हुआ। बैठक में 15 वार्डों के सभासद मौजूद रहे।

# जनपद की 21 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले की अन्य ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के प्रयास जारी

**अमृत विचार।** मानकों को पूरा करने पर जिले की 21 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य गांवों को भी टीबी मुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 में राज्य क्षय रोग नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा जनपद की 21 ग्राम पंचायतों द्वारा मानकों के पूरा करने पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। जिनमे अकबरपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहरापुर, दस्तमपुर, रूरवाहार, अमरौधा ब्लॉक की सजौर, पुरैनी, लखनापुर, हलिया, मैथा ब्लॉक की विक्रमपुर, ज्योती, देवीपुर, सरिया, संदलपुर ब्लॉक की जिगना, डेरापुर ब्लॉक की महराजपुर, मलासा ब्लॉक की बिहारी, मावर, रसूलाबाद ब्लॉक की अपौना, सजवापुर, मरंदपुर, झींझक ब्लॉक की परहौली, जगदीशपुर व राजपुर ब्लॉक की दुर्राजपुर ग्राम पंचायत शामिल है। उन्होंने बताया कि उक्त ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा है। जनपद की शेष बची सभी ग्राम पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रसूलपुर गोगूमऊ में रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव




**सरवनखेड़ाः** गजनेर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गोगूमऊ रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह एक युवक का शव मिला है। जानकारी के अनुसार, एक मालगाड़ी के ड्राइवर ने सबसे पहले इस शव को देखा और इसकी सूचना तुरंत स्टेशन मास्टर रोहित सिंह को दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार को दी । फिलहाल, मृतक की पहचान कपिल वर्मा 20 वर्ष कोतवाली उरई ग्राम बिनौरा का रहने वाले के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मौत कैसे हुई।

## सार-संक्षेप



मारग मैथा में भारी बारिश के चलते गिरा कच्चा घर। अमृत विचार

### बारिश में कच्चा घर ढहने से बुजुर्ग घायल

**शिवली।** जोरदार बारिश के चलते मारग मैथा गांव में एक कच्चा घर ढहने से एक बुजुर्ग घायल हो गया। जबकि छह लोग बच गए। घर ढहने से पीड़ितों ने पड़ोसियों के यहां शरण ली है। मैथा तहसील क्षेत्र के मारग गांव में शुक्रवार की देर रात भारी बारिश के चलते गजेंद्र सिंह का कच्चा घर ढह गया। उनके लड़के प्रद्युम्न सिंह के सिर में ईंट लग जाने से वह घायल हो गया। गांव के सोमेश अवस्थी, सानू शुक्ला, सुभाष पांडेय, चंदन पांडेया, मोनू मिश्रा, राकेश कुशवाहा आदि ने कुछ सामान बाहर निकाल कर गजेंद्र सिंह, प्रद्युम्न व अनूप सहित अन्य परिजनों को सुरक्षित बाहर निकल लिया। पड़ोसियों ने उन्हें अपने घर में शरण दी है। समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि तहसील के अधिकारियों को सूचना दी गई है। लेखपाल नंदलाल ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण कर पीड़ित को मदद दिलाई जाएगी।



कार्यशाला में मौजूद प्रधान, पंचायत सहायक व सफाई कर्मी। अमृत विचार

### संचारी रोगों से बचाव के लिए रखें साफ-सफाई

**मंगलपुर।** संचारी रोग नियंत्रण को लेकर ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यशाला में साफ-सफाई, जलभराव आदि को लेकर ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को जागरूक करते हुए चर्चा की गई। शनिवार को झींझक ब्लाक परिसर में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक में बीएमसी यूनीसेफ अमर ने कहा कि घरों के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें और खुले मे शौचक्रिया न करें। नाले-नालियो की सफाई, झाड़ियों की कटाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि संक्रामक बीमारियां न पनपने पाएं। उन्होंने बताया कि एक से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण व 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान की शुरूआत होगी। बीडीओ झींझक आशुतोष शुक्ला ने भी संचारी रोग नियंत्रण पर चर्चा करते हुए सभी से सहयोग की अपील की। इस मौके पर एडीओ रामकुमार, कार्यक्रम प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, बाबू रजनीश, एडीओ आईएसबी बालकृष्ण, अंशू यादव, संदीप, अर्जुन सिह, प्रदीप, मिथुन आदि लोग मौजूद रहे।

### संतान न होने से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर देहात।** कोतवाली क्षेत्र के रैपालपुर के मजरा चंपतपुर गांव निवासी चंद्रपाल प्रजापति की करीब 7 साल पहले आरती (38) के साथ शादी हुई थी, जिसके अभी तक कोई संतान नहीं थी जिससे वह तनाव में रहती थी। शनिवार की दोपहर बाद उसका पति चंद्रपाल गांव बाहर खेतों पर बकरियां चराने गया था। जब देर शाम वहां से बकरियां चरा कर वापस आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर वह छत पर गया और नीचे आया तो उसकी पत्नी कमरे के अंदर छत में लगे पंखे के सहारे दुप्पटे से फांसी के फंदे से लटक रही थी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी गुरेन्द्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

### सांप के डसने से बुजुर्ग की मौत

**शिवली।** भगान निवादा गांव में एक बुजुर्ग की सांप के डसने से मौत हो गई। वहीं परिजनों ने बताया कि वह सांप दिखाने का काम करता था। पुलिस ने मौके पर छानबीन की है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के भगान निवादा गांव निवासी राजू नाथ (65) सांप दिखाने का काम करता था। वह बाहर भीख मांगने गया था। जहां उसे किसी सांप ने डस लिया। वह झाड़-फूंक कराकर वापस अपने गांव आ गए। शुक्रवार की देर रात राजू नाथ की अचानक मौत हो गई। थाना प्रभारी कृष्णा नंद राय ने बताया कि सोते समय सांप के डसने से मौत की बात सामने आई है।

### संचारी रोग नियंत्रण के तहत प्रधानों के साथ हुई बैठक

**शिवली।** जनपद में एक अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी मैथा डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा चिकित्सीय टीम के साथ बीआरसी कार्यालय में प्रधानाध्यापकों व विकास खंड सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गयी। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी ने विद्यालयों से आए प्रधानाध्यापकों, नोडल अध्यापकों व ग्राम प्रधानों को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संचारी रोग फैलने व कारण एवं बचाव पर संवेदीकरण किया। इस मौके पर बीडीओ महिमा विद्यार्थी, फार्मासिस्ट अमरेश सिंह, सौरभ अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मंदिर जीर्णोद्धार में अवरोध पर की शिकायत

**रूरा / मूसानगर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। अधिकारियों ने कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया। रूरा थाना क्षेत्र के भवरपुर गांव के ग्रामीणों ने थाना समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि गांव में लगभग 100 वर्ष पुराना राम दरबार मंदिर है। अगस्त माह में बारिश से मंदिर ध्वस्त हो गया था। अब लोगों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू कराया गया है। तभी मंदिर के पास रहने वाले हीरालाल, श्याम सिंह व राम सिंह वहीं पास में अपने जानवर बांधते है। उक्त लोग व उनके घर की महिलाएं राजमिस्त्री से झगड़ा कर भगा देते हैं। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने मौके पर जाकर जांच की। उन्होंने बताया कि मामले में छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

# वकीलों ने किया तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार

संवाददाता सिकंदरा

- पक्षपात कार्यप्रणाली व वादों का समय से निस्तारण न करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन तहसील सिकंदरा के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय का अनिश्चितकालीन के लिए बहिष्कार करने की घोषणा की। अधिवक्ताओं ने न्यायालय में पक्षपात का आरोप लगाया गया है।

शनिवार को तहसीलदार न्यायालय का अधिवक्ताओं ने बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन तहसील सिकंदरा के अध्यक्ष रामकुमार तिवारी ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में प्रतिदिन अधिवक्ताओं का विवाद होता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार सिकंदरा की कार्यप्रणाली पक्षपात पूर्ण व विधि विरुद्ध हो रही है। वादों का न तो समय से निस्तारण होता है और न ही न्याय क्रियाओं में समय से कोई कार्रवाई की जाती है। जिसको लेकर सभी अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त हैं। जिसके चलते अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय के बहिष्कार का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

इस दौरान बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, महामंत्री अरविंद कटियार, कोषाध्यक्ष इंदर सिंह, संयुक्त मंत्री श्रीबाबू कटियार, पुस्तकालयाध्यक्ष हरनाम सिंह, ऑडीटर मनोज निषाद सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का रखें विशेष ध्यान

**कानपुर देहात।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी, साफ-सफाई, रखरखाव आदि का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

साथ ही नियमित अंतराल पर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए वेयर हाउस में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरस्त रखी जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन अमित कुमार, पीडी वीरेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार पांडेय समेत विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ आज से रामलीला शुरू

संवाददाता मंगलपुर



रामलीला के लिए तैयार किया जाता वाटर प्रूफ पंडाल। अमृत विचार

- श्रीविष्णु महायज्ञ, रामकथा, श्रीमद भागवत, खाटू श्याम महोत्सव व दशहरा की तैयारियां पूरी

**अमृत विचार।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी व्यापारिक मंडल झींझक के तत्वावधान में आज से शुरू होने वाले श्रीविष्णु महायज्ञ, रामकथा, श्रीमदभागवत, खाटू श्याम महोत्सव व दशहरा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वाटर प्रूफ टेंट एवं लाइट व्यवस्था फिरोजाबाद टेंट हाउस द्वारा की गई है। ताकि कार्यक्रम में बारिश खलल न डाल पाए।

श्री आदर्श रामलीला कमेटी व्यापारिक मंडल झींझक के तत्वावधान में 29 सितंबर से श्रीविष्णु महायज्ञ समेत अन्य कार्यक्रम होंगे। जिसके क्रम में आज दोपहर 12 बजे कामतानाथ गेस्ट हाउस से कलश यात्रा निकाल कर कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। रात में गणेश महोत्सव व खाटू श्याम जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन शाम किया जाएगा।

30 सितंबर से श्रीविष्णु महायज्ञ सुबह 7 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन होंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष लता तिवारी ने लोगों से श्रीमदभागवत, श्रीराम कथा, विष्णु महायज्ञ, खाटू श्याम महोत्सव व रामलीला कार्यक्रमों में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रामलीला में 29 सितंबर को श्री गणेश पूजन, खाटू श्याम जागरण कार्यक्रम, 30 को नारद मोह, श्रीराम जन्म, जानकी उत्पति, श्रीराम बाल लीला, एक अक्टूबर को मुनि याचना, तड़का वध, अहिल्या उद्धार, 2 को गंगा दर्शन, जनकपुरी प्रवेश, पुष्प वाटिका, 3 को सीता स्वयंवर, धनुष भंग, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, 4 को सीता-राम विवाह, राम कलेवा, राम वनवास, 5 अक्टूबर को निषाद मिलन, केवट संवाद, दशरथ मरण, 6 को भरत मिलाप, ऋषि मुनियों से मिलन, पंचवटी विश्राम, 7 को सूपनखा अंग भंग, खरदूषण व मारीच वध, 8 को सीता हरण, जटायु उद्धार, शबरी मिलन, 9 को सुग्रीव मित्रता, बालि वध, सीता खोज, 10 को लंका दहन, विभीषण शरणागत, सेतु स्थापना, 11 को अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध व 12 अक्टूबर को राम-रावण युद्ध और विजयादशमी उत्सव होगा।

**सेवा पखवाड़ा** वोकल फॉर लोकल के तहत संवाद व संभाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# देशी उत्पादों के निर्यात से मजबूत होगा भारत

संवाददाता राजपुर




कॉलेज में जानकारी देते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार साथ में मौजूद प्रबंधक शतरुद्र प्रकाश व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के पं. बाबूराम सरस्वती इंटर कालेज में सेवा पखवाड़ा वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम के तहत संवाद व संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने स्थानीय उत्पाद की खरीद व प्रयोग करने कर बढ़ावा देने की अपील की।

शनिवार को कस्बे के पं. बाबूराम सरस्वती इंटर कालेज में संवाद व संभाषण प्रतियेगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कालेज प्रबंधक शतरुद्र प्रकाश बाजपेई (दीपू) व प्रधानाचार्य देवेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अतिथियों को फूल-माला व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। छात्रों ने चित्रलेखा व निबंध में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत आर्थिक रूप से मजबूत हो और देशी उत्पादों का निर्यात बढ़े और आयात घटे। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष फूलचंद्र कठेरिया, सभासद प्रतिनिधि चांदबाबू, राजकीय कालेज बेहमई के प्रधानाचार्य दीपक द्विवेदी, राजकीय कालेज जैसलपुर के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर राजपुर के प्रबंधक महादेव सिंह चौहान, उमा देवी, मुकेश कुमार, बदन सिंह, अभिषेक वर्मा, आलोक भारती, बंदना तिवारी, कुंती कटियार, कंचन कटियार, बृजकिशोर, अतुल कुमार, अनिल सिंह, बीरेंद्र सिंह, शहबाज अनवर, सीताराम पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य शिविर में 35 मरीजों की जांची सेहत

संवाददाता, राजपुर



आरोग्य शिविर में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महीने के चौथे शनिवार को होने वाला आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। सलेमपुर सीएचसी में लगे आरोग्य शिविर में क्षेत्र से पहुंचे मरीजों की डाक्टरों ने जांच कर दवा दी। बुखार पीड़ित 5 मरीजों की रक्त जांच कर सलाह दी गई।

शनिवार को राजपुर क्षेत्र की सलेमपुर सीएचसी में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में 35 मरीज पहुंचे। सलेमपुर की सुनीता देवी ने बताया कि दो दिनों से बुखार आ रहा है। इसी तरह मुसमरिया की कुंती देवी ने पूरे शरीर में एक माह से खुजली की समस्या बताई। बनवारीपुर के अशर्फी ने बुखार, लौना जिला जालौन की ओमिनी ने सर्दी-जुखाम की दिक्कत बताई। डॉक्टर ध्रुव सिंह जादौन ने परामर्श व दवा दी। सीएचसी में पहुंचे पांच मरीजों के रक्त की जांच की गई। डॉक्टर जेपी द्विवेदी ने बताया कि खुजली के दस, जुकाम-खांसी व बुखार के 20, आंख व शरीर दर्द के पांच मरीजों का उपचार किया गया है। साथ ही खानपान व साफ-सफाई रखने का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस दौरान फार्मासिस्ट शंकर सिंह, अरुण कुमार, एलटी अजीत पाल, वार्ड ब्वाय गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# मधुमेह में लाभकारी सफेद रंग का बैगन विकसित

## आचार्य नरेंद्रदेव कृषि विश्वविद्यालय ने विकसित कीं सब्जी और फल की 10 प्रजातियां, कुलपति ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

संवाददाता, कुमारगंज (अयोध्या)

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन में सफलता हासिल करने के बाद एक और कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। एक साथ 10 औद्यानिक फसलों की प्रजातियां विकसित करने के बाद इतिहास के पन्नों में कृषि विश्वविद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है।

कृषि विश्वविद्यालय में यह सभी प्रजातियां उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित की गई हैं। औद्यानिक फसलों के विकसित होने वाली प्रजातियों में आंवला की दो प्रजातियां हैं। वहीं बैगन की एक प्रजाति नरेंद्र सुयोग को वैज्ञानिकों ने विकसित किया है, जो मधुमेह में लाभदायक होगा। कृषि विवि के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया इन प्रजातियों को अधिसूचित एवं विमोचित किया गया है।


कृषि विश्वविद्यालय विकसित की गई आंवला प्रजाति का निरीक्षण करते वैज्ञानिक।

- कृषि एवं कल्याण मंत्रालय ने जारी कर दी अधिसूचना

भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा इन प्रजातियों की पहचान एवं अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बड़ी उपलब्धि विश्विद्यालय के हाथ लगने पर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता के लिए वानिकी अधिष्ठाता, निदेशक शोध एवं परियोनाओं में कार्यरत समस्त वैज्ञानिकों, संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

### इन वैज्ञानिकों का योगदान

- प्रजातियां विकसित करने में वैज्ञानिक/कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह, अधिष्ठाता डा. संजय पाठक, डा. हेमन्त कुमार सिंह मुख्य अन्वेषक एरिड जोन फ्रूट, डा. प्रदीप कुमार मुख्य अन्वेषक मसाला परियोजना, डा. भानुप्रताप विभागाध्यक्ष फल विज्ञान, डा. सीएन राम विभागाध्यक्ष सब्जी विज्ञान, डा. गुलाब चंद्र यादव पूर्व मुख्य अन्वेषक सब्जी परियोजना, वैज्ञानिक डा. विक्रमा प्रसाद पांडेय, वैज्ञानिक डा. एच.के. सिंह, वैज्ञानिक डा. अच्छेलाल यादव, वैज्ञानिक डा. प्रवीण कुमार मौर्या तथा तकनीकि सहायक में नंदलाल शर्मा, राजकुमार गुप्ता व शिव सरन गुप्ता का योगदान रहा।

### ये प्रजातियां विकसित की गईं

**नरेंद्र आंवला 25-** इस विकसित आंवला प्रजाति की प्रति पेड़ उत्पादन क्षमता 150-160 किलोग्राम है। मध्यम समय में परिपक्वता है। यह आंवला च्यवनप्राश, मुरब्बा और कैंडी बनाने के लिए अधिक उपयुक्त है।

**नरेंद्र आंवला 26-** इस आंवला प्रजाति की भी उत्पादन क्षमता प्रति पेड़ 160 किग्रा है। यह फल चमकीला और हरे-पीले रंग का है।

**नरेंद्र बेल 8-** इस बेल का वजन 1.0 किलोग्राम से 1.25 किग्रा. है। इस पेड़ का प्रति पेड़ उत्पादन क्षमता 125-145 किलोग्राम है।

**नरेंद्र बेल 11-** इस बेल का आकार भी गोलाकार है। इस बेल का वजन 1.75 से 2.0 किग्रा. तक है। इस बेल की उत्पादन क्षमता 150 से 175 किग्रा. प्रति पेड़ है।

**नरेंद्र सरसों (साग-1)-** इस सरसो के पत्ते हरे रंग के और बड़े हैं। सरसो की उत्पादन क्षमता 286 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।

**नरेंद्र हल्दी 4-** इसकी मध्यम परिपक्वता अवधि 235-240 दिन की है। करक्यूमिन 6.67 प्रतिशत और इस हल्दी की उत्पादन क्षमता 345-350 कुंटल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति पत्ती धब्बा एवं लीफ ब्लाच के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है।

**नरेंद्र सीता (लौकी)-** यह लौकी की संकर प्रजाति है। यह क्षारीयता के प्रति सहिष्णु एवं उच्च उत्पादन 450-500 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।

**नरेंद्र सुयोग (बैगन)-** यह सफेद रंग की प्रजाति है। मधुमेह के रोगियों के लिए लाभदायक है। औसत उपज 500-550 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।

# आरोपी मोइद और राजू खान पर लगा गैंगेस्टर

**सामूहिक दुष्कर्म मामला**

**कसा शिकंजा**

- लखनऊ खंडपीठ में जमानत अर्जी पर कल होगी सुनवाई
- इसके पहले ही गैंगस्टर लगाकर पुलिस ने कसा शिकंजा

संवाददाता, मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में हुए किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी मोइद खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ मोईद खान की तरफ से उच्च न्यायालय में जमानत को लेकर 30 सितम्बर को सुनवाई होनी है वहीं उसके विरुद्ध पूराकलंदर थाने में गैंगेस्टर का मुकादमा दर्ज करा दिया गया।

इस मामले में आरोपी की बेकरी और शॉपिंग काम्पलेक्स पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी मोईद खान ने जिला न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन जमानत अर्जी नामंजूर हो गई थी। इसको लेकर मोईद खान ने इस मामले में उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिस पर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है।

जमानत अर्जी पर सुनवाई होने से पहले ही अब पूराकलंदर थाने में मोईद खान और राजू खान पर गैंगेस्टर केस पंजीकृत कर लिया गया है और जांच शुरू हो गई है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन के निर्देश पर गैंगेस्टर का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# राम भारत के आदर्शः अपर्णा यादव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद व भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में अशोक सिंहल की 98वीं जयंती के अवसर पर कारसेवक पुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन के दूसरे दिन इंदौर के जगद्गुरु माधवाचार्य, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी शामिल हुईं। सभी ने अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि दी। अशोक सिंहल के न्यासी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय ने सम्पूर्ण कैंप का दौरा कर दिव्यांगों से हल चल पूछा और सांत्वना दी।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि कारसेवक पुरम में जिस प्रकार से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायता प्रदान किया जा रहा है। मैं उसकी सराहना करता हूं। राम



कारसेवकपुरम के समारोह में चंपत राय ने अपर्णा यादव का सम्मान किया।

जन्मभूमि का संघर्ष लेकर अब तक जिस तरीके से अशोक सिंघल की भूमिका रही है उसे हम भुला नहीं सकते हैं।

वहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि पावन धरती आकर बहुत अच्छा लगता है। राम भारत के आदर्श हैं। राम सबके मन में हैं। कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह सब कारसेवकों की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से ही हो सका है। शिविर के व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि कुल 750 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें भारी बारिश के बावजूद शिविर में 55 दिव्यांगो को अंग प्रदान किए गए। 65 लोगों की आंखों की एवं रक्त की जांच की गई तथा चश्मे वितरित किए गए।

# सतीश मिश्रा के खिलाफ अवमानना का संदर्भ भेजा

- अवध बार ने की संबंधित जज के तबादले की मांग

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता का आचरण निंदनीय और अदालत की गरिमा को गिराने वाला है।

कोर्ट ने कहा कि सतीश चंद्र मिश्रा अदालत पर व्यक्तिगत द्वेष का आरोप और आक्षेप भी लगाते रहे। उनका इस प्रकार का आचरण आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने पर विचार के लिए भेजा है। यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह सिंह की खंडपीठ ने लक्ष्मी सिक्योरिटी गाड्र्स सर्विसेस फर्म की ओर से नगर निगम से जुडे एक टेंडर के मामले में दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

वहीं हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के अवध बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा पर वकीलों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए, मुख्य न्यायमूर्ति से मांग किया है कि उन्हें स्थानांतरित करने की कार्यवाही शुरू की जाए। साथ ही अवध बार ने पूरी घटना पर विचार विमर्श के लिए 30 सितंबर को आपात बैठक बुला ली है। बार के महासचिव मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा के खिलाफ पूर्व में प्राप्त हुई शिकायतों और वर्तमान घटना पर उनकी कोर्ट का बहिष्कार करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

# लखनऊ आ रहे क्रिकेटर मुशीर हादसे में घायल

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम में होने वाले ईरानी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए आजमगढ़ से लखनऊ आ रहे युवा क्रिकेटर मुशीर हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल मुशीर का इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को उनकी फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकरा गई थी। मुशीर भारतीय टीम से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट टीम में शामिल क्रिकेटर सरफराज खान के भाई है। मुशीर अपने पिता व कोच नौशाद खान के साथ शनिवार को आजमगढ़ से लखनऊ आ रहे थे।

## सार-संक्षेप

### राहुल को भेज दें अस्पतालः कटियार


विनय कटियार।

**अयोध्या :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक विवादित बयान के बाद यहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य विनय कटियार ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, सोनिया गांधी को चाहिए राहुल गांधी को अच्छे अस्पताल भेज दें। उन्होंने कहा है कि अगर वह नहीं भेज पा रही तो हमको बताएं। हम राहुल गांधी को अस्पताल भेज देंगे। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा मठाधीश पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि उनके पिता जी ने कुछ सिखाया नहीं है। वह भी मानसिक रूप से बीमार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी को अब राम मंदिर की याद आ रही है। 22 जनवरी को आम जनता उत्सव मना रही थी कोई मंदिर ऐसा नहीं था जहां उत्सव का माहौल न रहा हो जहां प्रसाद ना बन रहा हो। पूरा देश राममय था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस दिन इस उत्सव को देखते तो शायद उन्हें समझ में आता, लेकिन उन्होंने मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन वह भारतीय संस्कृति को जान जाएंगे उसके बाद संस्कार वान हो जाएंगे। स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अच्छे से नहीं देखा है। उद्योगपति क्या देश का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर फूलों की वर्षा किया।

## वर्ग पहेली-206

**बाएं से दाएं**

1. 1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।
3. 1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।
5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।
8. 1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

**ऊपर से नीचे**

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।
4. सूर्यकांत मणि।
6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।
7. 1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।




### वर्ग पहेली -205 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 नि | 2 गो | ड़ी | |
| | 3 द | | पी | | 4 ति |
| | नु | | चं | | र |
| | 5 ज | 6 ल | द | | मि |
| 7 चु | | 8 प | न | 9 भ | रा |
| 10 क | रें | सी | | र | |
| ना | | | 11 चौ | त | नी |

# 3 सिपाहियों ने शराब नहीं देने पर सेल्समैन को पीटा

- सीओ बोलीं, जांच के बाद सिपाहियों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** ठेका खुलवाकर तीन सिपाहियों ने शराब खरीदी। ऑनलाइन भुगतान किया। दोबारा शराब न देने पर सेल्समैन को बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। तिर्वा सीओ ने कहा कि जांच कर सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सौरिख थाना क्षेत्र के टडारायपुर निवासी सौरभ पाल के पिता रामविलास पाल तिर्वा कस्बे के पटेल मार्केट के पास स्थित मॉडल शॉप पर सेल्समैन हैं। शुक्रवार को पिता की जगह सौरभ मॉडल शॉप में था। आरोप है कि रात 10 बजे वह शराब ठेका बंद कर होटल पर खाना खाने जा रहा था। जैसे ही वह सड़क पर पहुंचा तो कोतवाली के तीन सिपाही आ गए। उसे रोककर एक व्हिस्की की हाफ व दो बीयर मांगने लगे। उसने सिपाही होने के नाते शराब दे दी। एक सिपाही ने 10:38 बजे ऑनलाइन पेमेंट किया। वह शराब देकर जब चल पड़ा तो सिपाहियों ने फिर शराब मांगी। उसने मना किया तो मारपीट करते हुए कार में डालकर कोतवाली ले गए, जहां सिपाहियों ने कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की। करीब एक घंटे बाद उसे घायलावस्था में छोड़ दिया। शनिवार को वह एसपी कार्यालय पहुंचा, जहां उसने तीनों सिपाहियों की शिकायत की। एसपी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही। तिर्वा सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेयी ने कहा जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जेल से रिहा होते ही नीलू फरार

**दुष्कर्म प्रकरण**

- 20 को मिल गई थी जमानत पुलिस ने परिजनों को उठाया
- गैंगस्टर लगा में पुलिस की लेटलतीफी का उठाया लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव का भाई नीलू यादव भी सह आरोपी है। तीन दिन पहले मारपीट के मामले में जमानत मिलने के बाद नीलू की रिहाई का परवाना शुक्रवार को देर शाम जिला जेल पहुंचा। इधर, कोतवाली पुलिस दुष्कर्म प्रकरण के तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने में दो घंटे लेट हो गई और उधर जेल से रिहा होते ही नीलू फरार हो गया। अब पुलिस गैंगस्टर में उसकी गिरफ्तारी के लिए परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नवाब के भाई नीलू यादव पर साक्ष्य छिपाने, पीड़िता के बयान बदलवाने व मेडिकल कराने से रोकने के नाम पर रुपये का प्रलोभन उसकी बुआ को देने व जांच प्रभावित करने के आरोप लगे। इस पर पुलिस ने नीलू यादव को सह आरोपी बनाया। यहां तक कि गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। तमाम कोशिशों के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं आया और फिर नाटकीय ढंग से न्यायालय में समर्पण कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे और पीड़िता की बुआ को रिमांड पर लेकर पूछताछ की औपचारिकता पूरी की।

20 सितंबर को नीलू को दुष्कर्म वाले मामले में जमानत मिल गई, लेकिन रिहाई नहीं हो सकी। कारण यह कि पुलिस ने मारपीट के एक अन्य मामले में वारंट जेल में ही तामील करा दिया था। इस मामले में भी आरोपी को मंगलवार को जमानत मिल गई लेकिन जमानतगीरों का सत्यापन न होने से रिहाई नहीं हो सकी थी। पुलिस प्रयास कर रही थी कि नीलू के जेल से छूटने से पहले गैंगस्टर की कार्रवाई कर वहीं रोक दिया जाये। पुलिस के मंसूबों पर पानी फिर गया जब गैंगस्टर की कार्रवाई में दो घंटे लेट हो गई।

इधर, न्यायालय से शुक्रवार को देर शाम रिहाई का परवाना जेल पहुंच गया और नीलू को रिहा कर दिया गया। जेल से छूटते ही वह फरार हो गया और पुलिस हाथ मलती रह गई। अब पुलिस नये सिरे से नीलू को खोजने में जुटी है। कई खास स्थानों पर नीलू की तलाश में दविश दी पर कोई नतीजा नहीं निकला। पता चला है कि पुलिस ने नीलू की गिरफ्तारी को दबाव बनाने के लिए भाई-भतीजों समेत करीब चार से पांच लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है।

## सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 2 | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 5 | | 1 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 8 | |
| 9 | 3 | | | | 1 | | 2 | 4 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | | 7 | | | | 5 | 9 |
| | 9 | | | | | 5 | | |
| 1 | | 8 | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 7 | | | 8 | | 4 | | |

### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** - आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

**वृष** - आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।

**मिथुन** - आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**कर्क** - आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।

**सिंह** - आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।

**कन्या** - आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

**तुला** - आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।

**वृश्चिक** - आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।

**धनु** - आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।

**मकर** - आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।

**कुंभ** - आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** - आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पृथ्वी - सुबह : 09.25
बच्चन पांडे - रात : 07.20

&pictures
आचार्य - सुबह : 09.45
खिलाड़ी 786 - शाम : 05.28

Sony Pix
जॉम्बीलैंड - रात : 09.43
सैन एंड्रियास - रात : 09.00

Zee Cinema
राधे - सुबह : 09.15
स्कंदा - रात : 08.00

Zee Action
देवी - सुबह : 10.26
हॉलीडे - रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति- कैसे?
बीवी- अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति-72 फीसदी मेरी जान...
पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

# दोगुना से ज्यादा हुईं एमबीबीएस की सीटें

## 5,390 से बढ़ाकर 78 मेडिकल कॉलेजों में 11, 200 की गईं सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना के तहत साढ़े सात सालों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 39 से 78 हो गईं तो एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,390 से बढ़कर 11 हजार 200 और पीजी की तीन हजार 781 सीटें हो चुकी हैं। अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5,150 सीटें हो चुकी हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश के 14 सरकारी और 25 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल पांच हजार 390 सीटें थी। इनमें सरकारी कॉलेजों में पांच हजार 150 सरकारी सीटें और 6050 सीटें प्राइवेट कॉलेज की हैं। इसी तरह 2016 में पीजी की 1,344 सीटें थी, जो कि बढ़कर तीन हजार 781 हो चुकी हैं। इनमें सरकारी कॉलेजों में 1,759 और निजी कॉलेजों की 2022 सीटें हैं। इस सत्र 2024-25 में राज्य के 12 नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। पहले चरण की काउंसिलिंग में अधिकांश सीटें भर चुकी हैं।

### बागपत, हाथरस और कासगंज में भी होगा मेडिकल कॉलेज

डीजीएमई ने बताया कि सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री से दोबारा अपील की गई। अमेठी में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है। अगले साल, सत्र 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। पीपीपी मोड अंतर्गत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज निर्माणाधीन है। इस कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन की जरूरत पड़ रही है। पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग स्कीम के तहत बागपत, हाथरस व कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

# ग्रेडिंग में फेल हो गए प्रदेश में सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय

## 15 अगस्त के बाद विद्यालयों में हुई थी परीक्षा, मूल्यांकन में एक भी स्कूल ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं आया

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में फेल हो गए। विद्यालयों में न तो छात्रों की हाजिरी संतोषजनक मिली है और न ही अध्यापकों की। साफ-सफाई, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी यह विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं।

शैक्षणिक सत्र (2024-25) के पहले मूल्यांकन में इसका खुलासा हुआ है। 43 विद्यालयों में एक भी विभाग की ओर से तय मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। 'ए प्लस या ए' श्रेणी में विद्यालय नहीं आ सके हैं।

पढ़ाई की स्थिति सुधारने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से ग्रेडिंग सिस्टम को लागू किया गया है। यूपी में 52 आश्रम पद्धति विद्यालय यूपी बोर्ड के हैं और 43 सीबीएसई के। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जानी है।

सीबीएसई के 43 विद्यालयों में पिछले माह 15 अगस्त के बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए गए। परीक्षा, उपस्थिति, नवाचार समेत अन्य को लेकर ग्रेडिंग कराई गई। ग्रेडिंग में सिर्फ राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कौशांबी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय झांसी ही 'बी' श्रेणी में आ पाए। 'सी' श्रेणी में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बलिया, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोछाभाँवर झांसी, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सोहावल अयोध्या, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहान रोड लखनऊ, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सलोन रायबरेली, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सारनाथ वाराणसी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पुवारका सहारनपुर रहे।

### 11 मानकों के आधार पर तैयार किया है 100 नंबरों का प्रारूप

ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन पहले यूनिट टेस्ट के बाद, दूसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद, चौथा मूल्यांकन तीसरे यूनिट टेस्ट के बाद होगा और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होना है। समाज कल्याण निदेशालय ने ग्रेडिंग के लिए 11 मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया है। मानकों में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के लिए दस-दस अंक, परीक्षा परिणाम के 20 अंक, नवाचार के दस अंक, यूनिट टेस्ट के दस अंक, ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों के दस अंक, क्रियाशीलता के दस अंक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, साफ-सफाई और सुरक्षा के पांच-पांच अंक तय किए गए हैं। इन सौ नंबरों में 80 से ऊपर वाले विद्यालयों को ए प्लस श्रेणी में, 80 से 70 अंक वालों को ए श्रेणी में, 70 से 60 नंबर वाले विद्यालयों को बी, 60 से 50 नंबर वालों को सी श्रेणी में और 50 से कम अंक वालों को डी श्रेणी में रखा गया है।

> ग्रेडिंग कराई गई थी परिणाम बेहतर नहीं आए हैं। परिणामों का परीक्षण किया जाएगा और सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों को सुधार करने के लिए चेतावनी दी जा रही है।
>
> – कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

### एक नजर

#### पेप्सिको की गीडा यूनिट का आज उद्घाटन करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के ग्लोबल ब्रांड पेप्सिको की गीडा यूनिट का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री रविवार को ही मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय, गोरखनाथ में नवनिर्मित चार कक्षों और एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण करेंगे। इन कक्षों का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कराया है। साथ ही रविवार को गीता वाटिका में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती पर महोत्सव में सम्मिलित होंगे। वह भाईजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही गीता वाटिका में श्रद्धार्चन सभा को भी संबोधित करेंगे।

#### प्रदेश भर में अब तक 7634 कृषि सखियां प्रशिक्षित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में एक अनूठी पहल "कृषि सखी" योजना के तहत 7,634 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कृषि सखियों का चयन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गांवों में गठित स्वयं सहायता समूहों से किया जा रहा है। बिजनौर जिले में सबसे अधिक 670 महिलाओं का प्रशिक्षण और सत्यापन पूरा हो चुका है। महिलाओं के चयन के लिए कुछ विशिष्ट मानदंड तय किए गए हैं, जिनमें उनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन्हें कृषि कार्यों में रुचि और अनुभव होना चाहिए।

#### धमकी के बाद सपा सांसद ने उठाई अपनी सुरक्षा की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव राय ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। बीते 20 सितम्बर 2024 को फोन पर पाकिस्तान के नंबर से धमकी मिली। मेरी शिकायत पर पुलिस संज्ञान नहीं ले रही है। राज्य सरकार से इस मामले की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग करता हूं।

# कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोज मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

## माध्यमिक विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र में प्रोजेक्ट प्रवीण का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**90** मिनट होगी प्रशिक्षण की समयावधि

**अमृत विचार :** युवाओं को भविष्य संवारने के लिए छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारा जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में चल रहे 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम अंतर्गत इस साल एक लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना को प्रदेश के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। योजना के तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोजाना 90 मिनट कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को दी, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत छात्रों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कपिल देव ने बताया कि अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में 63 हजार से अधिक छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट प्रवीण से युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि हर विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए बालिका विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।

# अवनीश अवस्थी से अमिताभ ठाकुर ने माफी मांगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ हीनई पोस्ट के जरिये कहा कि वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

# सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के पहले चरण में सिरमौर रहे। दूसरे स्थान पर उर्जा मंत्री एके शर्मा के बाद सभी मंत्रियों और संगठन नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों की खास धाक नहीं दिखी। 1.5 करोड़ सदस्य बनाकर संख्या के मामले में भी उप्र सबसे अव्वल रहा, मगर लक्ष्य पूर्ति 65 फीसदी ही है। ऐसे में 85 फीसदी लक्ष्य के साथ असम ने सभी प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल है।

देशभर में भाजपा ने दो सितंबर को प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ अभियान का पहला चरण शुरू किया था। 25 सितंबर को यह चरण खत्म होने के बाद प्रदेश मुख्यालय आई 19 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक 53 हजार 55 सदस्य बनाए हैं। उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 35 हजार 353, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 15 हजार 827, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने 12 हजार 208 और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 9 हजार 198 सदस्य बनाकर क्रमशः टॉप फाइव में शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूर्य प्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, महेंद्रनाथ पांडेय और स्वतंत्र देव सिंह जैसे दिग्गज भी दो हजार का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। 28 ऐसे मंत्री हैं, जो एक हजार भी सदस्य नहीं बना पाए। तमाम विधायक और सांसद तय लक्ष्य का 20 फीसदी भी सदस्य नहीं जोड़ पाए। भाजपा ने पहले चरण के 23 दिनों में करीब 6 करोड़ सदस्य बनाए हैं, हालांकि इसे अपेक्षा से कम माना जा रहा है। तय किए गए राज्यवार लक्ष्य में असम भाजपा 85 फीसदी उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य पूरा कर मध्यप्रदेश, गुजरात और त्रिपुरा दूसरे स्थान पर हैं। खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों का स्थान है। सदस्यता के मामले में देश के सभी महानगरों में दिल्ली अव्वल है।

▸▸ एके शर्मा दूसरे व ब्रजेश पाठक तीसरे स्थान पर, संगठन नेताओं की नहीं दिखी धाक

**1.5** करोड़ सदस्य बनाए उप्र ने पहले चरण में

# अयोध्या समेत 12 जिलों की गोचर भूमि कब्जामुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**27** हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि मुक्त कराई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व विभाग ने विशेष अभियान चलाकर अयोध्या के साथ-साथ 12 जिलों में कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को मुक्त कराया गया है।

वहीं, अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है। अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाए। इस भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाएगा।

# एल्विश के मोबाइल के डाटा रिकवरी को भेजा रिमाइंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव की जब्त हुई मोबाइल से डिलीट किए जा चुके डाटा की रिकवरी के लिए नोएडा स्थित लैब को रिमाइंडर भेजा है। ईडी अधिकारियों का मानना है कि डाटा एक अहम दस्तावेज साबित हो सकता है। ईडी ने जिन तीन मोबाइल के डाटा को रिकवरी के लिए भेजा है उनमें दो मोबाइल एल्विश के दोस्तों का भी है।

अधिकारियों के मुताबिक रेव पार्टी और एल्विश की संपत्ति से जुड़ी अहम जानकारी मोबाइल से मिल सकती है। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव गई तो वहां पर तलाशी के दौरान एक रजिस्टर मिला था। रजिस्टर में 60 रेव पार्टियों का ब्योरा दर्ज था। रजिस्टर में नाम की जगह पुलिस के नंबर भी मिले थे।

जाहिर सी बात है उन नंबरों से चैटिंग जरूर हुई होगी। ऐसी स्थिति में डाटा रिकवर कराना जांच एजेंसी की प्राथमिकता है। अधिकारियों के मुताबिक एल्विश की जो संपत्तियां दर्ज हुई हैं, उसका आधार भी वह रजिस्टर ही बना था।

▸▸ रेव पार्टी और संपत्ति से जुड़े मामले में मोबाइल का डाटा बनेगा अहम दस्तावेज

# भाजपा नहीं चाहती कोई भी चुनाव निष्पक्ष हो : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं होने देना चाहती है। बेईमानी कर सभी पदों पर कब्जा करना चाहता है। इन दिनों गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक अराजकता पर उतारू हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि लखीमपुर खीरी, बरेली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सत्ता संरक्षित भाजपाई बेईमानी और गुण्डई करके अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान कर रहे है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती पर्चे खारिज करा रहे हैं। सत्ता के मद में चूर भाजपा प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनावों को प्रभावित कर रही है।

# किशोरी को रातभर थाने में रोकने पर पुलिस को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** किशोरी को रातभर थाने में रोकने के मामले में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने बस्ती के लालगंज थाने के एसएचओ और विवेचक को नोटिस जारी किया है। इस संबंध में पत्र पुलिस अधीक्षक बस्ती व थाने को भी भेजा गया है।

बताते चलें कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को बरामद कर अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना था, लेकिन पुलिस ने नाबालिग को थाना परिसर में ही रात भर रोके रखा। दूसरे दिन न्याय पीठ के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसका मेडिकल कराने का आदेश दिया गया। बालिका ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद मामले की पूरी जानकारी दी। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव व मंजू त्रिपाठी ने इसे बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन मानते हुए थानाध्यक्ष व मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

▸▸ न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

**2.6** से ज्यादा आगंतुक अब तक पहुंच चुके हैं यूपीआईटीसी 2024 में

**90** हजार विजिटर्स ने चौथे दिन दर्ज कराई एंट्री

**70** हजार से अधिक बीटूबी विजिटर पहुंचे 4 दिन में



### सोशल मीडिया पर भी छाया यूपीआईटीएस

यूपी इंटरनेशनल शो की लोकप्रियता सोशल मीडिया मंचों पर भी देखने को मिल रही है। इस मेगा इवेंट को प्रचारित करने के लिए विभिन्न हैशटैग चलाए गए, जिन्होंने बीते 179 दिनों में करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई। #UPITS2024 की सोशल मीडिया रीच 179 दिन में 32 मिलियन (3.20 करोड़) तक रही। वहीं, InternationalTradeShow की सोशल मीडिया रीच 27 मिलियन (2.7 करोड़), #Upinternationaltradeshow2024 की 4.8 मिलियन (48 लाख), #UPITS की 71.9 हजार और #GlobalBizHubUP की 65.9 हजार सोशल मीडिया रीच रही है।

# उप्र. कौशल विकास मिशन को मिला सर्वश्रेष्ठ स्टॉल सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वैलिडिक्ट्री समारोह में केंद्रीय वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल को सम्मानित करते उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।

**अमृत विचार:** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उप्र. कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कौशल विकास मिशन की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कौशल विकास मिशन के पवेलियन में नई तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया गया।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे ट्रेड शो में शनिवार को विभाग के सम्मानित होने पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस स्टॉल को मिले सम्मान से यह सिद्ध होता है कि हमारा प्रदेश कौशल के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि इस पवेलियन में लाइव शो में मेडिकल सपोर्ट, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, वर्चुअल रियलिटी, हैंड एम्ब्रॉयडरी, फॉरेन लैंग्वेज लर्निंग, मेटल एनग्रेविंग, एनिमेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और पंचकर्म टेक्नीशियन शामिल हैं।

### जल जीवन मिशन को बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड

'हर घर जल गांव' मॉडल को ट्रेड शो के बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड से नवाजा गया है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने जल जीवन मिशन यूपी को बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड दिया। विभाग की तरफ से वरिष्ठ सलाहकार राधा कृष्ण त्रिपाठी ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। स्टॉल के प्रवेश द्वार पर नल से जल की आकृति दर्शकों को सेल्फी के लिए आकर्षित कर रही है। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा जल जीवन मिशन की उपलब्धियों पर लोकगीत की प्रस्तुति दर्शकों के दिल में उतर जाती है।

# बहुमुखी विकास का मॉडल प्रेरणादायक : गोयल

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** केंद्रीय वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तरह बहुमुखी विकास का मॉडल बना है, वह देश को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में काफी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की सफलता प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है।

ट्रेड शो में आयोजित वेलिडिक्टरी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां जिस तरह बॉयर्स आ रहे हैं और उत्पादों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास की तरफ फोकस कर रही है, उससे कुशल इंप्लायमेंट बढ़ रहा है, जिसका फायदा उद्यमियों को भी मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह केंद्र की योजनाओं को प्रभावशाली तरीके से लागू कर रही है, वह भी अपने-आप में काफी महत्वपूर्ण है।

### निवेशकों को आकर्षित कर रहा प्रदेश का माहौल : सचान

प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टैक्स्टाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्स पोर्ट होता था, आज यह एक्संपोर्ट दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। आने वाले दो वर्षों में एक्सकपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्ये सरकार ने रखा है। यह एक्सडपोर्ट एमएसएमई के साथ ही ओडीओपी के माध्यम से आ रहा है।

### आकर्षण







यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जल जीवन मिशन के स्टाल पर सेल्फी लेने वालों की भीड़ जुटी।

# स्वाद के शौकीनों को भा रहा प्रदेश का जायका

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** छुट्टी का दिन हो, एक ही छत के नीचे अलग अलग जगहों के चटपटे जायके हो तो भला स्वाद के शौकीनों के कदम रुकें भी तो कैसे (यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। विजिटर्स ने जमकर खरीदारी तो की ही, चटपटे जायके का भी लुत्फ उठाया।

नोएडा, गाजीपुर, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, बलिया, बनारस और लखनऊ के लजीज जायकों के स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही। खुर्जा की खुरचन और लखनऊ की बिरयानी का जलवा खुर्जा की खुरचन स्टॉल पर जायके के शौकीनों की लाइन लगी थी। दरअसल, खुरचन का स्वाद है ही ऐसा। स्टॉल संचालक ने बताया कि ट्रेड शो में इसे खूब पसंद किया जा रहा है।

# विकास के लिए मील का पत्थर है आयोजन : संजय प्रसाद

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन और उद्यमियों से संवाद किया। कहा कि यह आयोजन औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

भ्रमण व अवलोकन के दौरान उद्यमियों ने संजय प्रसाद को आयोजन के माध्यम से कारोबार में बढ़ोतरी, व्यापक मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोतरी जैसे विषयों की जानकारी दी। वह व्यापार को लेकर प्रगति के लिए भी आशान्वित दिखे। प्रमुख सचिव ने स्टालों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा व सराहना भी की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण प्रथम संस्करण की भांति ही प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह उम्मीद है कि अनुसार, पिछली बार की ही तरह इस बार भी हमारे उद्यमियों को कहीं ज्यादा कारोबार मिलने का मार्ग उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रशस्त होगा।



ट्रेड शो में स्टाल का निरीक्षण करते सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद।

> यह आयोजन औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने का श्रेयस्कर माध्यम साबित हो रहा है।
>
> –संजय प्रसाद, सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव

# अब हर मैच के लिए मिलेंगे 7.50 लाख

आईपीएल

मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर मिलेंगे।

शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीजन में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। गौरतलब है कि आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा। शाह के इस फैसले से ऑक्शन सत्र के और दिलचस्प होने के आसार हैं।

### इस वर्ष भी जारी रहेगा इम्पैक्ट प्लेयर नियम

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शनिवार को यहां संचालन परिषद की बैठक में 2025 सत्र के लिए बहुचर्चित इम्पैक्ट प्लेयर नियम को जारी रखने का फैसला किया। इम्पैक्ट सब को आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से इस नियम पर सभी की राय काफी बंटी हुई है क्योंकि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था। जुलाई में टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की बैठक में भी दिल्ली कैपिटल्स जैसी कुछ फ्रेंचाइजी पूरी तरह से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को बरकरार रखने के पक्ष में थीं।

## दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में आयरलैंड को दी शिकस्त

**अबुधाबी।** रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जायेगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिये रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। रिकेलटन 48 गेंद में 76 रन बनाए।

# अंतर्राष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिए हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के विजेता पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखेंगे।



- **हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल बोले- एक दशक के बाद उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखने को मिलेगा**

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले। जर्मनी एक कठिन टीम है। हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

## खेल डायरी

### क्रिकेटर मुशीर खान सड़क हादसे में घायल

**लखनऊ।** ईरानी कप में भाग लेने लखनऊ आ रहे मुंबई रणजी टीम के सदस्य मुशीर खान पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे का शिकार हो गए जिन्हे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मुशीर शुक्रवार शाम अपने गृहनगर आजमगढ़ से कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए थे मगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में क्रिकेटर की गर्दन और कंधे पर चोट लगी है। उन्हे तुरंत लखनऊ के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे बाहर मगर स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि हड्डी रोग विभाग के निदेशक डा धर्मेंद्र सिंह की निगरानी में मुशीर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बताया कि इस हादसे में उनके पिता और दो अन्य को भी चोट लगी है।

### एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव वापिस ले लिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघों ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। जैन ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत की शरण ली थी लेकिन उनकी याचिका स्वीकार नहीं की गई। आरोप लगाया था कि विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल करने वाले कई उम्मीदवारों ने खेल कोड का उल्लंघन किया था। भाजपा के राज्यसभा सांसद जैन पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के साथ कई बार विदेश यात्राओं का निजी खर्च महासंघ के खर्चों में डाल दिया है।

### न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की शृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट शृंखला जीतेगा। फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं। तीसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उन्होंने पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस (91 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (61) और कप्तान केन विलियमसन (46) ने दूसरे विकेट के लिए 97 रन

### त्रिशा-गायत्री की हार, भारत का अभियान समाप्त

**मकाऊ।** मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया।

# बारिश की भेंट चढ़ा मैच का दूसरा दिन

## ग्रीनपार्क में मैदान से नहीं हटे कवर्स, आज भी पूरा मैच होने के आसार कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शनिवार को पूरे दिन मैदान से कवर्स नहीं हटाए जा सके। सुबह स्टेडियम पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी एक घंटे बाद ही वापस होटल लौट गए। पहले दिन भी बारिश के कारण सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें बांग्लादेश की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि अगर मौसम नहीं सुधरा तो रविवार को तीसरे दिन का खेल भी बाधित हो सकता है।

कानपुर में शुक्रवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही थी। शनिवार सुबह भी आसमान पर घने काले बादल डेरा जमाए थे। इसके चलते ग्रीन पार्क मैदान पर रोशनी काफी कम थी। बारिश के कारण कवर्स भी नहीं हटाए गए। सुबह से कवर्स के ऊपर जमा पानी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन बीच-बीच में बारिश और बौछारें काम में व्यवधान के साथ परेशानी और बढ़ाती रहीं। दोनों टीमें तय समय पर सुबह 8.30 बजे होटल से ड्रेसिंग रूप पहुंच गईं। टीमों के कोचों ने बाउंड्री पर जाकर मैदान की स्थिति देखी और वापस ड्रेसिंग रूम में लौट गए। करीब एक घंटा तक दोनों टीमें ड्रेसिंग रूम में रुकीं। इसके बाद खिलाड़ी वापस होटल लौट गए। मैच रेफरी जेफ क्रो ने कहा कि दोपहर एक बजे तक यदि आसमान साफ हो जाता है तभी मैच के बारे में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन दिनभर की मेहनत के बाद भी न कवर्स के ऊपर जमा पानी सुखाया जा सका और न ही बारिश बंद हुई। आखिरकार दोपहर 2.03 बजे दूसरे दिन के खेल का निरस्त करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मायूस दर्शक दीर्घाओं से बाहर निकलना शुरू हो गए।

- होटल से सुबह ड्रेसिंग रूम पहुंचीं दोनों टीमें, एक घंटे में वापस लौट गईं
- आसमान पर घने बादलों के कारण स्टेडियम में दिन में छाया रहा अंधेरा

**107** रन 3 विकेट के नुकसान पर अब तक बना चुकी है बांग्लादेश की टीम आकाशदीप को दो विकेट

### दिन भर मैदान पर चले तीन सुपर सॉपर

मैदान में कवर्स पर जमा बारिश का पानी निकालने के लिए शनिवार को दिन भर तीन सुपर सॉपर चलते रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश कितनी हुई। मैदान का एक राउंड लगाने के बाद सुपर सॉपर का टैंक खाली करना पड़ रहा था।



### सूर्यकुमार करेंगे कप्तानी, मयंक को मिली जगह

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए भारत का कप्तान नियुक्त किया गया, जिसमें तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी वापसी होगी। भारत छह अक्टूबर को ग्वालियर में पहले मैच से शृंखला की शुरुआत करेगा। टीम में संजू सैमसन और जितेश शर्मा टीम में दो विकेटकीपर हैं। टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव शामिल हैं।

# आईसीसी की सभी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

बेंगलुरू, एजेंसी

- **93वीं सालाना बैठक में होगा दो प्रतिनिधियों का चुनाव**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।

महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना , उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर

## भारत के सामने करो या मरो मैच में लाओस की चुनौती

**वियनतियाने (लाओस)।** ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद एक गोल गंवा बैठी।

# चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में, जैस्मीन भी जीतीं

बीजिंग, एजेंसी

शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को हराया। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने पराजित किया।

वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



जैस्मीन पाओलिनी

- **सबालेंका ने सवांगकेव को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश**

### बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

**बीजिंग।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा।

## बॉलीवुड हलचल



### देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत करते हुए भारतीय बाजार में नेट 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1 लंबे समय से सुर्खियों में रही। जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान की फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। जूनियर एनटीआर छह साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी सोलो फिल्म के जरिए एक बार फिर से छा गए हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, देवरा पार्ट 1 ने पहले दिन 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर यह कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में 73 .25 करोड़, हिंदी में 7 .5 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में एक करोड़ और मलयालम भाषा में 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे दिन यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

# पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

यास आइलैंड (अबू धाबी), एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार-2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।

आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन-2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता।

वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018ः एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। जियो बेबी को काथलः द कोर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्रदान गया। कन्नड़ फिल्म जगत में काटेरा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि इसी फिल्म के लिए फिल्म निर्माता थरुन किशोर सुधीर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। यहां आयोजित 24वें आइफा पुरस्कार समारोह का समापन रविवार को होगा।




आइफा उत्सवम 2024


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

